




दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 121 जयपुर, गुरुवार, 11 अप्रैल, 2024 | चैत्र, शुक्ल पक्ष- तृतीया, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00







## जरूरी खबर

### नजर आया ईद का चांद, ईद-उल-फितर आज



**नई दिल्ली/ जयपुर।** राजधानी दिल्ली समेत देश के कई बड़े शहरों में शव्वाल महीने का चांद नजर आया। बुधवार शाम करीब सवा सात बजे ईद के चांद का दीदार हुआ। देशभर में गुरुवार को ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जामा मस्जिद की चांद कमेटी ने चांद नजर आने का ऐलान कर दिया है। ईद को गुरुवार को मनाए जाने के ऐलान के बाद राजधानी जयपुर में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग खरीदारी के लिए उमड़े। ईद की विशेष नमाज गुरुवार सुबह होगी। ईद-उल-फितर की सबसे खास बात है कि इस त्योहार की तारीख हिजरी कैलेंडर की वजह से साल-दर-साल बदलती रहती है। यह कैलेंडर चांद पर आधारित होता है। इसमें दिनों की गिनती चांद की घटती-बढ़ती चाल के अनुसार की जाती है।

### गणगौर आज, ईसर-गणगौर की निकलेगी सवारी



**जयपुर।** चैत्र शुक्ल तृतीया पर गुरुवार को गणगौर का पर्व मनाया जाएगा। महिलाएं ईसर गणगौर का पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी। घर- घर में कुंवारी कन्याएं व नवविवाहित युवतियां ईसर-गणगौर की पूजा करेगी। इस अवसर पर जनानी ड्योढ़ी से दो दिन ईसर गणगौर की शाही सवारी निकलेगी। शाही ठाठ-बाट के साथ निकलने वाली गणगौर माता की सवारी के दौरान कलाकार लोकरंग बिखरेंगे। नगर निगम व पर्यटन विभाग की ओर से इसकी पूरी तैयारियां ली गई हैं। पर्यटन विभाग के अनुसार विदेशी सैलानियों के लिए त्रिपोलिया गेट के सामने स्थित हिंद होटल के बाहर बैठने का इंतजाम किया गया है। इससे एक दिन पहले बुधवार को सिंजारा पर्व धूमधाम से मनाया गया।

**वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर:** राजधानी जयपुर में बरसात के बाद गर्मी से मिली राहत, आज भी जताई बारिश की संभावना

# प्रदेश में फिर बदला मौसम का मिजाज... धौलपुर में गिरे ओले

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में बुधवार को मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। प्रदेशभर में एक्टिव हुए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते कई जिलों में हल्की व मध्यम दर्जे की बरसात हुई। राजधानी जयपुर में भी इसका असर दिखा। यहां शाम को हल्की बारिश हुई। इससे तापमान में मामूली गिरावट देखी गई।

बारिश के कारण बुधवार को यहां तापमान 38.3 डिग्री रहा, जो पिछले दिन के मुकाबले 0.5 कम रहा। प्रदेश के अन्य जिलों की बात करे तो धौलपुर जिले के राजाखेड़ा क्षेत्र में दोपहर करीब 3 बजे तेज गर्जना और बिजली चमकने के साथ कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश हुई। इलाके के नादोली गांव में बरसात से पहले ओले भी गिरे। राजधानी जयपुर में दोपहर बाद आसमान में बादल छाने के साथ धूल भरी हवा चली। जेएलएन मार्ग, अजमेर रोड, सांगानेर, मुहाना, गोपालपुरा बाइपास के आसपास के इलाकों में हल्की बारिश हुई। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में हल्की बारिश का असर आगामी एक से दो दिन तक रहेगा। इसी प्रकार अलवर के लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र में आए अंधड़ से कई जगहों पर बिजली के पोल और पेड़ गिर गए।



### हाड़ौती अंचल में गिरा पारा

हाड़ौती अंचल में भी मौसम में बदलाव देखा गया। कोटा शहर में सुबह घने बादल छाए रहे और कुछ देर के लिए बूंदाबांदी हुई। दोपहर में 12 बजे मौसम खुला और तेज धूप खिली। इससे गर्मी का असर बढ़ गया। कोटा का अधिकतम तापमान 2 डिग्री गिरकर 37.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 1 डिग्री बढ़कर 25.5 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी प्रकार बूंदी जिले में सुबह से छाए बादलों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। बूंदी शहर में सुबह बादल छाए रहने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। यहां का अधिकतम तापमान 35 व न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारां व झालावाड़ में भी सुबह बादल छाए रहे।

### 15 तक रहेगा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर

जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार, पूर्वी हवाओं के प्रभावी होने से पूर्वी व दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में गुरुवार को तेज हवा के साथ बारिश होगी। उसके बाद 13 अप्रैल से राज्य में एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 15 अप्रैल तक आंधी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने पर संभावना है। 13-14 अप्रैल को विक्षोभ का सर्वाधिक असर रहने से जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं तेज अंधड़ के साथ बारिश होगी। बादल व बारिश से अधिकतम तापमान में 2-3° सेल्सियस गिरावट होने की संभावना है।

**लोकसभा चुनाव-2024 का चुनावी रण**

# अब दिग्गजों के हाथों में चुनाव प्रचार की कमान



### दौसा में पीएम मोदी का पहला रोड शो कल

लोकसभा चुनाव के रण में पीएम मोदी का पहला रोड शो 12 अप्रैल को दौसा में होगा। इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों ने मोर्चा संभाल लिया है। बीजेपी जोरशोर से इस रोड शो की तैयारियों में जुटी है। पीएम मोदी 12 अप्रैल को हवाई मार्ग से भांकरी रोड स्थित हेलिपैड पर पहुंचेंगे। उसके बाद दौसा के गांधी तिराहे के समीप स्थित पुराने बस स्टैंड से पीएम मोदी का रोड शो शुरू होगा। यह रोड शो गुप्तेश्वर रोड तक चलेगा। रोड शो करीब डेढ़ किमी लंबा होगा।

### पीएम मोदी आज करौली-धौलपुर में, राहुल गांधी फलौदी व अनूपगढ़ में करेंगे जनसभा



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की तारीख नजदीक आने के साथ ही चुनाव प्रचार में तेजी आने लगी है। भाजपा और कांग्रेस दोनों की दलों ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जहां करौली-धौलपुर संसदीय क्षेत्र में महाविजय संकल्प सभा को संबोधित करेंगे, वहीं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की पहली चुनावी सभा 11 अप्रैल को प्रस्तावित है। इस दिन राहुल गांधी अनूपगढ़ और फलौदी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। राहुल इन दो चुनावी सभाओं के जरिए श्रीगंगानगर, बीकानेर, जोधपुर, बाड़मेर और पाली लोकसभा सीट के वोटरों के नब्ज को टटोलेंगे। इसके साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, जिग्नेश मेवानी और कन्हैया कुमार की भी चुनावी सभाएं आने वाले दिनों में होने की संभावना है।

उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अप्रैल को करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी इंदू देवी जाटव के समर्थन में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करेंगे। रैली में पीएम के साथ सीएम भजनलाल शर्मा सहित अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहेंगे। वहीं, रैली की तैयारी को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सभा स्थल तथा हेलिपैड का जायजा लिया। इस दौरान सभा की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने, सभा में पहुंचने, लोगों के लिए बैठने, पानी और हवा सहित अन्य व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। पीएम की सभा के लिए तीन हेलिपैड बनाए गए हैं। साथ ही जनसभा के लिए तीन डोम बनाए गए हैं। पीएम की सभा में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सभा और हेलिपैड स्थल के तीन किमी में नो फ्लाइंग जोन निर्धारित किया है। इस दौरान रिमोट कंट्रोल डिवाइस, ड्रोन, और फ्लाइंग ऑब्जेक्ट पर पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों की निगरानी रहेगी। हेलिपैड और सभा स्थल की जांच करने स्नैफर डॉग, तथा विशेष सुरक्षा दस्ता तैनात किया गया है।

### हरियाणा के CM नायब सिंह आज आएंगे अलवर

इसके साथ ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को अलवर शहर, तिजारा और राजगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। आगामी दो-तीन दिन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी प्रदेश दौरे पर आएंगे। वहीं बीकानेर में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 15 या 16 अप्रैल को रोड शो और 22 अप्रैल को प्रधानमंत्री की सभा प्रस्तावित है।

#### प्रदेश में दो चरणों में होंगे चुनाव

राजस्थान में 25 लोकसभा सीटों पर दो चरणों में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को 12 सीटों पर और 26 अप्रैल को 13 सीटों पर मतदान कराया जाएगा। राजस्थान में 25 सीटों पर जहां भाजपा जीत का दावा कर रही है, वहीं कांग्रेस इस बार लोकसभा चुनाव में जीत का खाता खोलने की उम्मीद के साथ उतरने वाली है। भाजपा 2024 में फिर से मिशन 25 के संकल्प के साथ चुनावी मैदान में उतरी है।

**कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष सहित 306 लोग BJP में शामिल**

# अब भाजपा के हुए सीताराम




बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच नेताओं के दल बदलने का सिलसिला लगातार जारी है। प्रदेश में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। मतदान से ठीक पहले तक कांग्रेस को एक के एक लगातार झटके लग रहे हैं। कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष सीताराम अग्रवाल के साथ नीमकाथाना से निर्दलीय प्रत्याशी रहे रघुवीर सिंह तंवर, जीएन पारीक सहित करीब 306 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इनमें विद्याधर नगर से स्थानीय पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, व्यापार मंडल, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में ओंकार सिंह लखावत, डिप्टी सीएम दिया कुमारी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बीजेपी की सदस्यता दिलाई। गौरतलब है कि सीताराम अग्रवाल ने 2023 में विद्याधर नगर से दिया कुमारी के सामने चुनाव लड़ा था।

### दो बार लड़ चुके हैं चुनाव

सीताराम अग्रवाल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। वे दो बार जयपुर शहर की विद्याधर नगर विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि दोनों ही बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2018 के चुनाव में वे भाजपा के नरपत सिंह राजवी के सामने आ हार गए थे। हाल ही में हुए (नवंबर 2023) विधानसभा चुनाव के दौरान भी सीताराम अग्रवाल विद्याधर नगर से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे। उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी दिया कुमारी को चुनौती दी थी। 71 हजार मतों से हारने के बाद सीताराम अग्रवाल ने पार्टी के कोषाध्यक्ष का पद छोड़ने का ऐलान किया था। अब उन्होंने कांग्रेस का साथ भी छोड़ दिया और बीजेपी में शामिल हो गए।

### गुजरात ने रोका राजस्थान रॉयल्स का विजय रथ

**जयपुर।** सवाई मानसिंह स्टेडियम में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच रोचक मुकाबला हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 3 विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 196 रन बनाए जवाब में गुजरात ने लक्ष्य आखिरी ओवर में हासिल कर लिया। गुजरात की जीत में कप्तान शुभमन गिल का अहम योगदान रहा। उन्होंने 44 गेंदों में 72 रन बनाए।.हालांकि आखिरी ओवरों में राहुल तेवतिया और राशिद खान ने कमाल की हिटिंग कर गुजरात की जीत तय की।



**पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस**

# SC ने रामदेव और बालकृष्ण का माफीनामा ठुकराया... लगाई फटकार

- शीर्ष अदालत ने दोनों को 16 अप्रैल को दोबारा पेश होने के दिए निर्देश
- कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा दाखिल किए जवाब पर जाहिर की असंतुष्टि
- जस्टिस बोले- हलफनामे में कर रहे हैं धोखाधड़ी

एजेंसी | नई दिल्ली

पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के एमडी आचार्य बालकृष्ण अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए।

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्ला की बेंच के सामने बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने भ्रामक विज्ञापनों पर एक बार फिर माफी मांगी। इस पर शीर्ष अदालत ने फटकार लगाई। इसके साथ ही दोनों को 16 अप्रैल को दोबारा पेश होने के लिए कहा गया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से दाखिल किए गए जवाब पर भी असंतुष्टि जाहिर की।

जस्टिस अमानतुल्लाह ने कहा कि आप हलफनामे में धोखाधड़ी कर रहे हैं। इसे तैयार किसने किया है? मुझे हैरानी है। वहीं, जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि आपको ऐसा हलफनामा नहीं देना चाहिए। इस पर बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि हमसे चूक हुई है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूक शब्द छोटा है।



**हम अंधे नहीं, नतीजा भुगतना होगा: कोर्ट:** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माफी सिर्फ कागजों तक सीमित है। हम इसे जानबूझकर आदेश की अवहेलना मानते हैं। बड़े पैमाने पर समाज में यह संदेश जाना चाहिए कि अदालत के आदेश का उल्लंघन न किया जाए। अदालत ने कहा कि हम अंधे नहीं हैं। इसका नजीता भुगतना होगा। हम माफीनामा स्वीकार नहीं करते हैं।

### एक दिन पहले दाखिल किया था हलफनामा

9 अप्रैल को बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने नया हलफनामा दाखिल किया है। इसमें बिना शर्त माफी मांगते हुए कहा कि इस गलती पर उन्हें खेद है। ऐसा दोबारा नहीं होगा। इससे पहले 2 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान भी पतंजलि की तरफ से माफीनामा जमा किया गया था। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच ने फटकार लगाई थी। कहा था कि ये माफीनामा सिर्फ खानापूर्ति के लिए है। आपके अंदर माफी का भाव नहीं दिख रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कड़े सवाल भी पूछे थे। कहा था कि हम आश्चर्यचकित हैं कि सरकार ने अपनी आंखें बंद रखने का फैसला क्यों किया?

### क्या है मामला

दरअसल, 10 जुलाई 2022 को पतंजलि ने एक विज्ञापन जारी किया था। इसमें एलोपैथी पर गलतफहमी फैलाने का आरोप लगाया गया। इसके खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 17 अगस्त, 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया था कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। वहीं खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया। उधर, पतंजलि को आयुष मंत्रालय की जांच पूरी होने तक कोविड 19 के इलाज के लिए कोरोनिल बनाने का दावा करने वाला विज्ञापन नहीं देने के लिए कहा था।

## जरूरी खबर

### छठे दिन 25,682 बुजुर्गों ने होमवोटिंग किया मतदान



**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक उम्र बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बुधवार को होम वोटिंग के 6वे दिन तक 25682 बुजुर्ग तथा 8666 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया। उन्होंने बताया कि विशेष मतदान दल ऐसे मतदाताओं के घर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करवा रहे हैं। प्रथम चरण के लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग 5 से 13 अप्रैल तक चलेगी।

### मतदान के 48 पूर्व से समाप्ति तक सूखा दिवस घोषित

**जयपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग की ओर से घोषित कार्यक्रम के तहत जिले में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना दिवस 4 जून को सूखा दिवस घोषित किया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र और जयपुर ग्रामीण सहित दौसा, सीकर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इन क्षेत्रों के 3 किलोमीटर परिधि क्षेत्र में 17 अप्रैल शाम 6 बजे से 19 अप्रैल को शाम 6 बजे तक सूखा दिवस रहेगा। इसी प्रकार मतगणना दिवस पर 4 जून को सम्पूर्ण जिले में सूखा दिवस रहेगा।

### बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलने का किया आह्वान



**जयपुर।** दी बार एसोसिएशन सांगानेर की ओर से भीमराव अंबेडकर जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई। इस मौके पर उनके सिद्धांतो के अनुसरण की शपथ ली गई। बार अधिवक्ताओं एवं बेंच अधिकारियो ने बाबा साहेब की जयंती पर उनके जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाए और उनके सिद्धांतो की प्रासंगिकता पर विचार प्रकट किए। बार अध्यक्ष हंसराज भहरवाल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि एडीजे विशाल भार्गव थे। उन्होंने बाबा साहब की शिक्षा जीवन में अपनाने का आह्वान किया। महासचिव भागीरथ सिंह चौहान ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रदीप कुमार कुमावत, संजीव कुमार प्रजापत, हिमानी चतुर्वेदी, एम. एम. कामाक्षी मीना, सौम्या कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**शिवसेना का भाजपा को समर्थन:** को-ऑर्डिनेटर राजेंद्र गुढ़ा ने किया ऐलान

# इस चुनाव में भाजपा की विजय के लिए करेंगे प्रचार-प्रसार

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्ववर्ती गहलोत सरकार में मंत्री रहे राजेंद्र गुढ़ा ने बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि वें पूरी ताकत के साथ प्रदेश में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगे। गुढ़ा ने कहा कि शिवसेना सभी सीटों पर बीजेपी प्रत्याशी को समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि कहा कि लाल डायरी की पिक्चर अभी बाकी है।

गुढ़ा ने जयपुर में शिव सेना के स्टेट को-ऑर्डिनेटर के तौर पर मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) का गठबंधन है। ऐसे में प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर राजस्थान में भी शिवसेना बीजेपी प्रत्याशी को समर्थन करेगी। जहां जैसी जरूरत होगी, शिवसेना के नेता और कार्यकर्ता बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे सीएम भजनलाल शर्मा ने विशेष तौर पर जालोर-सिरोही सीट की जिम्मेदारी दी है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में इस बार बीजेपी और शिवसेना के बीच गठबंधन है तो प्रदेश में भी शिवसेना सभी 25 सीटों पर बीजेपी प्रत्याशी का समर्थन करेगी।

गुढ़ा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर हमला बोलते कहा कि विधानसभा चुनाव में अशोक गहलोत ने उदयपुरवाटी सीट पर अपना घर बनाया और मेरे खिलाफ प्रचार किया, उसका कर्ज चुकाने का अब वक्त आ गया है।



### महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाया तो मुझे मंत्री पद से हटाया

गुढ़ा ने कहा कि राजस्थान में जब महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे थे और कांग्रेस मणिपुर की घटना को लेकर बात कर रही थी। तब मैंने विधानसभा में महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाया था तो मुझे मंत्री पद से हटा दिया गया। इतना ही नहीं मेरे खिलाफ करीब आधा दर्जन झूठे मुकदमे दर्ज किए गए। गुढ़ा ने कहा कि जिन मामलों में मेरी कोई भूमिका नहीं थी उन में भी मुझे जबरन फंसाने की कोशिश की गई।

### लाल डायरी की पिक्चर अभी बाकी

विधानसभा चुनावों से पहले 24 जुलाई 2023 को अपनी बर्खास्तगी के बाद राजेन्द्र गुढ़ा सदन में लाल डायरी लेकर पहुंचे थे। वे सदन में डायरी को टेबल करना चाहते थे, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी ने इसकी इजाजत नहीं दी, लेकिन गुढ़ा नहीं माने। इसके बाद हंगामा बढ़ गया और गुढ़ा को मार्शल बुलाकर बाहर निकाल दिया गया। गुढ़ा ने आरोप लगाया था कि इस लाल डायरी में गहलोत सरकार के भ्रष्टाचार का लेखा-जोखा हैं। गुढ़ा का कहना है कि अभी लाल डायरी के कुछ पन्ने ही सामने आए हैं, लेकिन अभी पूरी पिक्चर बाकी है।

**मुख्यमंत्री ने दौसा में आयोजित** चुनावी सभा में कहा...

# कांग्रेस ने भ्रमित किया, हम घर-घर जल पहुंचाने को लाए ERCP

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सभाएं कर रहें है। इसी कड़ी में सीएम बुधवार को दौसा के दौरे पर रहे। सीएम ने दौसा जिले के बहरावंडा गांव भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। सीएम के यहां पहुंचने पर पदाधिकारियों ने उनको 21 किलो फूलों की माला पहनाई व तस्वीर भेंट कर स्वागत किया।

सीएम ने कहा पूर्व कांग्रेस सरकार ने जनता को भ्रमित किया, झूठ बोलकर वोट लिए थे। यहां के लोग पानी से बहुत परेशान हैं। इसके समाधान के लिए आपकी बीजेपी सरकार ने ईआरसीपी को लाने का काम किया है। घर-घर जल पहुंचने के साथ 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर खेती की सिंचाई भी हो सकेगी। योजना में हमने बड़े बांधों के नाम दिए हैं, लेकिन इलाके के सभी छोटे बांध भी जोड़े जाएंगे। पूर्वी राजस्थान पानी से परेशान रहता था। जल स्तर गिरने से हमारे किसान परेशान हैं। मैं कहना चाहता हूं यह मोदी की गारंटी है कि यहां के लोगों को पानी मिलेगा। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने ईआरसीपी योजना को अटकाने, लटकाने, भटकाने का काम किया, जल जीवन मिशन का पूरा पैसा नहीं लगाया और भ्रष्टाचार किया। अब कह रहे हैं कि ईडी आ रही है। 70 साल में कांग्रेस ने देश को लूटा व भ्रष्टाचार किया। दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से विकास को गति मिलेगी। बीजेपी सरकार ने 450 में गैस सिलेंडर दिया है, पेट्रोल-डीजल के दाम कम किए। देश के लोगों के मन की बात पीएम मोदी अच्छे से जानते हैं। किसानों को सम्मान निधि की राशि बढ़ाई और भी बहुत काम अभी करने बाकी हैं।



### पेपर लीक को लेकर कांग्रेस पर बोला हमला

सीएम ने कहा कांग्रेस सरकार में 17 बार पेपर लीक हुए और युवाओं के सपनों को बेचा गया। उनके शासन में ऐसे पाप हुए हैं। पेपर लीक रोकने के लिए एसआईटी गठित की और 85 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अभी तो पेपर लीक का सौदा करने वाले बाकी हैं। उन्होंने कहा कि कोई कितना भी बड़ा आदमी हो, उनको सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा राजस्थान शांति, शक्ति, भक्ति का प्रदेश रहा है, लेकिन पड़ोसी राज्यों में बीजेपी सरकार थी तो बदमाश यहां आ गए और अपराध बढ़े। अपराध रोकने के लिए हमने एंटी गैंगस्टर फोर्स का गठन किया जो ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। भाजपा सरकार ने किसानों के हित में गेंहू की एमएसपी के दाम बढ़ाकर 2400 रुपए किए हैं। बुजुर्गों की सामाजिक पेंशन राशि बढ़ाकर उनका मान-सम्मान बढ़ाया। पंचायत राज के जनप्रतिनिधियों की सैलरी बढ़ाई और 45 फीसदी वायदों को पूरा किया। सीएम ने प्रत्येक लोकसभा सीट 5 लाख वोटों से जिताने का आह्वान किया।

### सभा में ये नेता रहे मौजूद

भाजपा प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के समर्थन में आयोजित जनसभा में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड, देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा, विधायक विक्रम बंशीवाल, बांदीकुई विधायक भागचंद सैनी, महुवा विधायक राजेंद्र मीणा, पूर्व सांसद आरके वर्मा, पूर्व मंत्री रामकिशोर मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष घनश्याम बालाहेड़ी, टीकम सिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल शर्मा, नीलम गुर्जर, भावना सैनी, अमर सिंह कसाना सहित भाजपा पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

# केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने किया MCMC सहित कई प्रकोष्ठों का निरीक्षण



**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त केन्द्रीय व्यय पर्यवेक्षक श्योदान सिंह भदौरिया, रत्नेश कुमार सिंह एवं देवाशीष पॉल ने बुधवार को जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित एमसीएमसी एवं मीडिया प्रकोष्ठ सहित कई प्रकोष्ठों का निरीक्षण किया।

व्यय पर्यवेक्षकों ने इलेक्शन कंट्रोल रूम, एमसीसी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को सभी नियंत्रण कक्षों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान सोशल मीडिया सेल एवं लाइव वेब कास्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

उन्हें बताया गया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक सी-विजिल एप पर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद से अब तक प्राप्त कुल 254 में से 253 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। जिले में सी-विजिल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का औसत समय 43 मिनट से भी कम है, जो कि लोकसभा चुनाव के तहत पूरी टीम का सतर्कता एवं समर्पण भाव से कार्य निष्पादन का परिणाम है। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षकों ने सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान एमसीएमसी कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की जानकारी भी ली। उन्हें बताया गया कि एमसीएमसी कंट्रोल रूम में 24 घंटे राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय न्यूज चैनल्स एवं एफएम चैनल्स की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाली पेड न्यूज एवं फेक न्यूज पर भी पूरी नजर रखी जा रही है।

**पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया** मताधिकार का प्रयोग

# अधिकारियों व कार्मिकों ने डाला वोट

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा आम चुनाव में रिजर्व पुलिस लाइन जयपुर में पुलिस आयुक्त जयपुर बीजू जॉर्ज जोसफ ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम कैलाश चंद्र विश्नोई एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रशासन एवं यातायात प्रीति चंद्रा ने भी पोस्टल बैलट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रिजर्व पुलिस लाइन जयपुर में 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक पुलिस आयुक्तालय के सभी जिलों एवं रिजर्व पुलिस लाइन में पदस्थापित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से सुबह 8 से शाम 6 बजे तक मतदान किया गया। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि स्वयं के मताधिकार का अधिकतम प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनें। पुलिस आयुक्त ने जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर से एक अतिरिक्त दिवस के लिए पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कार्य को बढ़ाने की मांग रखी, जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सहमति प्रदान की।



**नगरपालिका क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित**

# भाजपा की जीत को लेकर बनाई रणनीति

**बेधड़क** | चाकसू

दौसा लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा की जीत के लिए क्षेत्रीय विधायक रामवतार बैरवा के निर्देशानुसार भाजपा प्रधान कार्यालय पर वरिष्ठ नेता व पूर्व मंडी चेयरमैन कैलाश शर्मा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया।

नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी ने बताया कि बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई और भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रशिक्षण दिया गया। बैठक पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा, नगर अध्यक्ष रामधन सैनी, पार्षद दिनेश शर्मा, मेहराज खान, रामबाबू गोड़ीवाल, धन कंवर मीणा, अभिषेक शर्मा, कौशल गौतम, जीतू व सोनू राणा सहित नगरपालिका के पार्षद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### डॉ. किरोडी की सभा कोटखावदा में आज

कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा गुरुवार को कोटखावदा में लोकसभा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीणा के समर्थन में आम सभा को संबोधित करेंगे। इस सभा में विधायक रामावतार बैरवा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। युवा कार्यकर्ता गिर्राज डूंगरी ने बताया कि विधायक के साथ बुधवार को भाजपाइयों ने गांव-ढाणी में पहुंचकर आमजन से संपर्क किया।

**भाजपा पर लगाया जॉइनिंग में धांधली का आरोप**

# खाचरियावास ने दिया कुमारी को दी नसीहत, बोले- बयानबाजी से बचें

**बेधड़क** | जयपुर

लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के पार्टी बदलने का सिलसिला जारी है। इस बीच कांग्रेस की कैंपेन कमेटी के कन्वीनर प्रताप सिंह खाचरियावास ने भाजपा पर जॉइनिंग में भी धांधली करने का आरोप लगाया है।

दरअसल, यह पूरा मामला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे सीताराम अग्रवाल के भाजपा जॉइन करने से जुड़ा है। प्रताप सिंह खाचरियावास ने आरोप लगाया कि सीताराम अग्रवाल के साथ पार्टी जॉइन करने वालों में उन नेताओं के नाम भी शामिल किए हैं, जिन्होंने न कभी कांग्रेस छोड़ी और न भाजपा जॉइन की।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिन्हें पुराने कांग्रेस कार्यकर्ता बताकर भाजपा जॉइन करवाई जाती है, वे कभी कांग्रेस में रहे नहीं। इस तरह से उन्होंने जॉइनिंग में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। प्रताप सिंह खाचरियावास ने उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के उस बयान पर भी पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस की तुलना कोरोना से की है। उन्होंने कहा कि दिया कुमारी आज उत्साह में बयानबाजी कर रही हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके पिता दिवंगत ब्रिगेडियर भवानी सिंह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे खुद दिया कुमारी का सम्मान करते हैं। इसलिए उन्हें इस तरह की बयानबाजी करने से बचना चाहिए।



### हेलिकॉप्टर उतारकर सीएम ने देखें हालात

प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राजधानी जयपुर में गुंडों के भेष में आए भाजपा कार्यकर्ता जमीन खाली करवाने के लिए परिवार से मारपीट और पथराव करते हैं। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सचिन शर्मा की गलत खून चढ़ाने से मौत हुई। एक करोड़ रुपए उसके परिवार को मदद देने की बात कही गई, लेकिन आज तक एक रुपए की मदद नहीं मिली। सीएम को अपना हेलिकॉप्टर नीचे उतारकर जमीनी हालात भी देखने चाहिए।

### राजे, राठौड़ व पूनिया को किनारे किया

एक सवाल के जवाब में प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि भाजपा ने पहले वसुंधरा राजे को किनारे किया। फिर राजेंद्र राठौड़ और सतीश पूनियां जैसे नेताओं को भी किनारे किया गया। इन दोनों नेताओं को विधानसभा चुनाव हारने के बाद लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया गया। जबकि नागौर विधानसभा सीट से चुनाव हारने के बावजूद ज्योति मिर्धा को नागौर सीट से सांसद का टिकट दिया गया है।

### 450 में सिलेंडर का दावा खोखला

प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दावा करते हैं कि महिलाओं को 450 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर मिल रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि किसी भी महिला को आज तक 450 रुपए में गैस सिलेंडर नहीं मिला है। किसी भी महिला के खाते में गैस सिलेंडर की सब्सिडी जमा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सीएम की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति को झूठ नहीं बोलना चाहिए। वो गलत हैं तो उन्हें इस्तीफा देना चाहिए और मैं गलत हूं तो मैं चुनाव से पीछे हट जाऊंगा।

## तृतीया देवी मां चंद्रघंटा



मां चंद्रघंटा इस स्वरूप में पर विराजमान हैं साथ ही इनके 10 हाथ हैं। इनमें से इनके चार हाथों में कमल फूल, धनुष, जप माला और तीर है, जबकि पांचवां हाथ अभय मुद्रा में रहता है। इसके अलावा चार अन्य हाथों में त्रिशूल, गदा, कमंडल और तलवार मौजूद होने के साथ ही पांचवा हाथ वरद मुद्रा में है। माता का यह रूप भक्तों के लिए बेहद कल्याणकारी माना गया है।

**देवी चंद्रघंटा का प्रिय पुष्पः कमल।**

**देवी चंद्रघंटा के लिए नैवेद्य-दूध, दूध की मिठाई।**

**मुस्लिम समाज के लोगों ने जमकर की खरीदारी... शहर के बाजारों में रही रौनक**

# ईद की पूर्व रात्रि बड़ी चौपड़ से रामगंज बाजार तक लगा मेला



बेधड़क | जयपुर

ईद-उल-फितर गुरुवार को मनाने के ऐलान के साथ ही बुधवार की रात बड़ी चौपड़ से रामगंज बाजार तक लगने वाले अस्थाई बाजार में देर रात तक मेले सा नजारा रहा। यहां बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग खरीदारी के लिए उमड़े। महिला-पुरुषों और बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। यहां लोग अपने बच्चों के लिए कपड़ों से लेकर चप्पल, जूते, घर के जरूरी सामान, बच्चों के खिलौने, घड़ियां, चश्मा सहित कई तरह के सामान खरीदते नजर आए। यहां रात 1:00 बजे तक बाजार में पांव रखने तक की जगह नहीं थी। बाजार में इतनी भीड़ और खरीदारी से व्यापारी भी उत्साहित नजर आए। यहां बाजार में खाने-पीने की हर सामग्री उपलब्ध थी, जिनमें मिठाई से लेकर मेवे तक की बिक्री हो रही थी।



फोटो: पंकज शर्मा

## जरूरी खबर

### पेपर लीक मामला: आरपीएससी का चालक बर्खास्त

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के पेपर लीक मामले में निलंबित वाहन चालक को राजकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया है। मंगलवार को आयोग ने इसके आदेश जारी कर दिए। गत 24 दिसंबर 2022 को उदयपुर में चलतीबस में सामान्य ज्ञान प्रश्न-पत्र हल करते अभ्यर्थियों को पुलिस ने पकड़ा था। आयोग ने पेपरलीक मानते हुए तत्काल परीक्षा स्थगित कर दी। बाद में यह परीक्षा 29 जनवरी 2023 को दोबारा आयोजित की गई। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि पेपर लीक प्रकरण में बीते वर्ष 18 अप्रेल को एसओजी ने आयोग के निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा के साथ वाहन चालक गोपाल सिंह को गिरफ्तार किया था। राजस्थान सिविल सेवाएं (आचरण नियमावली, 1971 के नियम 3 व 4 का स्पष्ट उल्लंघन किए जाने की पुष्टि एवं विभागीय जांच और व्यक्तिगत सुनवाई में आरोप सही पाए गए।

**एसएमएस में सुविधा शुरू: मरीजों और परिजनों को मिलेगी राहत**

# जन आधार से जुड़ा है मोबाइल नंबर तो... वॉट्सएप पर जांच रिपोर्ट

**माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी और बायो केमिस्ट्री में सुविधा, रेडियोलॉजी विभाग से जुड़ी जांचों में अभी नहीं**

बेधड़क | जयपुर

आप सवाई मानसिंह अस्पताल में इलाज के लिए आए हैं और आपका मोबाइल नंबर जनआधार कार्ड में रजिस्टर्ड है तो फिर आपको अब जांच रिपोर्ट के लिए हॉस्पिटल या ई-मित्र सेंटर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। हॉस्पिटल प्रशासन अब आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वॉट्सएप के जरिए रिपोर्ट भेज देगा। एसएमएस अस्पताल प्रशासन ने यह प्रक्रिया शुरू कर दी है।

दरअसल, पिछले महीने मुख्य सचिव सुधांश पंत और मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने एसएमएस हॉस्पिटल का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने मरीजों को कम परेशानी में जल्द से जल्द इलाज मिले और मरीजों के साथ उनके परिजन को ज्यादा इधर-उधर चक्कर न लगाने पड़े, ऐसी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए थे। उस दौरान एसीएस शुभ्रा सिंह ने मरीजों की रिपोर्ट मोबाइल पर वॉट्सएप के जरिए भेजने की सुविधा शुरू करने के लिए कहा था। अस्पताल प्रशासन ने इस नई सुविधा को कुछ दिन पहले ट्रायल के तौर पर शुरू किया। ट्रायल बेस में मिली कुछ खामियों को दूरने करने के बाद अब इसे पूरी तरह से लागू कर दिया है। फिलहाल माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी और बायो केमिस्ट्री की रिपोर्ट्स को वॉट्सएप पर भेजा जाएगा। रेडियोलॉजी विभाग से जुड़ी जांचों के लिए फिलहाल यह सुविधा नहीं है।




### यह रहेगी प्रकिया

अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. प्रदीप शर्मा ने बताया कि मरीज जब अस्पताल में आने के बाद जन आधार कार्ड देकर ओपीडी में रजिस्ट्रेशन करवाते हैं तो उस नंबर पर मरीज को ये जांच रिपोर्ट उपलब्ध होगी। जन आधार कार्ड में मोबाइल नंबर पर अगर मरीज या उसके परिजन ने वॉट्सएप चालू कर रखा है तो मरीज की रिपोर्ट तैयार होने के तत्काल बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आ जाएगी। यह सब कुछ हॉस्पिटल में संचालित आईएचएमएस सर्वर के जरिए होगा। इस सर्वर के माध्यम से स्वतः ही रिपोर्ट जैसे-जैसे तैयार होती जाएगी, वैसे-वैसे मरीज के मोबाइल पर वॉट्सऐप के जरिए भेज दी जाएगी।

### अभी जाना पड़ता है अस्पताल या ई-मित्र सेंटर

वर्तमान में मरीजों को जांच रिपोर्ट लेने के लिए या तो हॉस्पिटल में ओपीडी के समय जाना पड़ता है या फिर ई-मित्र सेंटर पर। जिन मरीजों के पास मोबाइल में आईएचएमएस ऐप है, वह मोबाइल पर या कम्प्यूटर पर एसएमएस हॉस्पिटल की वेबसाइट पर जाकर भी रिपोर्ट डाउनलोड कर सकते हैं।

### हर रोज होती हैं 30 हजार जांचें

हॉस्पिटल प्रशासन के मुताबिक एसएमएस हॉस्पिटल में हर रोज ओपीडी में औसतन 8 से 10 हजार मरीज दिखाने आते हैं। इन मरीजों के अलावा इमरजेंसी और आईपीडी में भर्ती मरीजों समेत तमाम अन्य मरीजों की हर रोज 28 से 30 हजार जांचें होती है।

**ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामला**

## EHCC के सर्जन से एसीबी की पूछताछ

बेधड़क | जयपुर

ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए फर्जी एनओजी जारी करने के मामले में एसीबी ने बुधवार को ईएचसीसी के सीनियर सर्जन डॉक्टर रवि गुप्ता को सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया। इस दौरान डॉक्टर रवि गुप्ता के साथ उनका स्टाफ भी मौजूद रहा।

एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार फोर्टिस हॉस्पिटल के सर्जन से हुई पूछताछ के बाद उनके मोबाइल और गैजेट्स जब्त कर सीज कर दिए गए। वहीं, बुधवार को ईएचसीसी के सर्जन डॉक्टर रवि गुप्ता को पूछताछ के लिए एसीबी मुख्यालय बुलाया। एसीबी इस केस में 35 हजार रुपए में फर्जी सर्टिफिकेट देने के अलावा और भी कई एंगल पर जांच कर रही है, जो एसीबी ने एफआईआर में भी दर्ज किया है। एसीबी ने ट्रैप के अलावा धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा करने की भी धाराएं एफआईआर में जोड़ी है। अब तक की जांच में सामने आया है कि अस्पताल प्रशासन के अलावा डॉक्टर भी इस खेल में मिले हुए थे। न केवल प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर अपितु सरकारी के डॉक्टरों की भूमिका संदिग्ध मिली है। एसीबी हर पहलू पर जांच कर रही है।

## राज्यपाल कलराज मिश्र ने मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए



बेधड़क | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने चैत्र नवरात्र में बुधवार को विंध्यधाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए। उन्होंने मां का विधिवत पूजन कर सबके मंगल की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में मां विंध्यवासिनी के साथ ही अन्य देवी-देवताओं के भी दर्शन कर राष्ट्र की उन्नति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**कमला नेहरू नगर के पास मजार पर हुआ हादसा**


## दुकानों में घुसा ट्रेलर, चालक फंसा

बेधड़क | जयपुर

जयपुर से अजमेर की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर मुख्य सड़क की दुकानों में जा घुसा। घटना कमला नेहरू नगर के पास मजार की है। हादसे में ट्रेलर का ड्राइवर केबिन में फंस गया।

स्थानीय लोगों ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद ड्राइवर को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना पर भांकरोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रेलर को मौके से हटाया। ट्रेलर की टक्कर से 2 दुकान क्षतिग्रस्त हो गईं। भांकरोटा थाने के ड्यूटी ऑफिसर जगदीश ने बताया कि हादसे की सूचना पर पीसीआर और जाब्ता मौके पर भेजा गया। ट्रेलर जयपुर से अजमेर की ओर जा रहा था।

इस दौरान कमला नेहरू पुलिया के पास मजार से आगे ड्राइवर ने ट्रेलर से कंट्रोल खो दिया और ट्रेलर दुकानों में जा घुसा। इस दौरान दुकान पर मौजूद लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागे। पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रेलर को हटाया और जाम खुलवाया। हादसे के दौरान ड्राइवर ट्रेलर में अकेला ही था।



**कार्रवाई: फर्जी डिग्री जारी करने वाले 2 दलाल, पीटीआई गिरफ्तार**

## OPJS यूनिवर्सिटी कैंपस में सर्च, रिकॉर्ड जब्त

बेधड़क | जयपुर

एसओजी की 5 टीमों ने बुधवार को चूरू जिले के राजगढ़ में स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में सर्च की कार्रवाई की। इस दौरान एसओजी को वहां से फर्जी डिग्री और खेल प्रमाण पत्र मिले। एसओजी ने इन दस्तावेजों के साथ ही यूनिवर्सिटी के रिकॉर्ड को जब्त किया है और जयपुर मुख्यालय लेकर आई है। एसओजी ने फर्जी डिग्री जारी करने वाले 2 दलालों और 1 पीटीआई को गिरफ्तार किया है। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनको सूचना मिली कि सुभाष पूनिया (52) पुत्र गुरुदयाल निवासी बेरासर घुमाना थाना राजगढ़ (चूरू), उसका बेटा परमजीत हाल पीटीआई राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुर्जा पंचायत समिति बसेड़ी (धौलपुर) अपने साथियों के साथ मिलकर कई यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री, फर्जी खेल प्रमाण पत्र, फर्जी मेडल और बैक डेट में एडमिशन दिलाने का काम संगठित गिरोह के रूप में करता है।

वीके सिंह ने बताया कि सूचना पर एसओजी ने शिकायत दर्ज की और जांच एडिशनल एसपी सतनाम सिंह को दी। जांच में सामने आया कि आरोपी सुभाष पूनिया कई यूनिवर्सिटी के दलाल के रूप में काम करता है। वह विशेष रूप से चूरू जिले के राजगढ़ स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में दलाली करता है।

ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट से मिलीभगत कर बैक डेट में फर्जी डिग्री, मेडल और प्रमाण पत्र जारी करवाता है। साथ ही फर्जी डिग्री और प्रमाण पत्र का सत्यापन शिक्षा विभाग में कार्यरत कुछ स्टाफ और यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट से मिलीभगत कर करवाता है। इस पर एसओजी ने एफआईआर दर्ज की।



**सिंधी समाज ने चेटीचंड पर्व मनाया**

# नगर भ्रमण के लिए निकले झूलेलाल, अमरापुरा दरबार में लगा मेला

बेधड़क | जयपुर

सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड महापर्व बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सिंधी समाज के सभी घरों में त्योहारी उत्सव की तरह नजर आया। जयपुर शहर में भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई और अमरापुरा दरबार में श्रद्धालुओं का मेला भरा। शहर के झूलेलाल मंदिरों में सुबह भगवान झूलेलाल का पंचामृत अभिषेक कर नवीन वस्त्र धारण कराए गए। मंदिर के शिखर पर लाल रंग की धर्म ध्वजा फहराई गई।

मुख्य कार्यक्रम के तहत चेटीचंड सिंधी मेला समिति की ओर से शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। अध्यक्ष अशोक सेवानी व समन्वयक हितेश आडवाणी ने बताया कि चौगान स्टेडियम में पूज्य सिंधी पंचायत, पुरानी बस्ती के सहयोग से शोभायात्रा शुरू हुई। हाथी-घोड़े और ऊंट के लवाजमे के साथ शुरू हुई इस शोभायात्रा में भगवान झूलेलाल सहित शिव परिवार, राधा-गोविंद देवजी, गणेश जी और मां दुर्गा सहित अन्य झांकिया नगर भ्रमण पर निकाली गई।







फोटो: राजेश कुमावत

### वाहन रैली निकाली

इससे पहले समाज की ओर से नव संवत्सर 2081 के स्वागत के लिए वाहन रैली निकाली गई। एमआई रोड स्थित अमरापुर स्थान से वाहन रैली निकाली गई। संत मोनूराम महाराज और स्वामी मनोहर लाल महाराज ने झंडी दिखाकर वाहन रैली को रवाना किया। गले में भगवा दुपट्टा डाले करीब दो सो दुपहिया सवार चांदपोल, बापू बाजार, नेहरू बाजार, इंदिरा बाजार, खजाने वालों का रास्ता, सांगानेरी गेट से होते हुए पुनः एमआई रोड स्थित अमरापुर स्थान पहुंचे।

**नाचते-गाते चले श्रद्धालु**

शोभायात्रा में श्रद्धालु सिंधी भजनों की धुन पर नाचते-गाते डांडिया करते हुए नजर आए। जगह-जगह फल, प्रसाद और कोल्ड ड्रिंक से स्वागत करते लोग और फिजां में गूंजते जय झूलेलाल के जयकारे से माहौल भक्तिमय नजर आया।

**जरूरी खबर**

### देश पीएम मोदी की गारंटी पर जताएगा विश्वास



**बीकानेर।** जिले में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि इस चुनाव में देश पीएम मोदी की गारंटी पर अपना विश्वास दिखाएगा। अगर आप योजनाओं पर नजर डालें तो पीएम मोदी की गारंटी ने पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में नीतियों का एक रिकॉर्ड बनाया है। हमें विश्वास है कि देश इन गारंटियों को आगे बढ़ाने में हमारा समर्थन करेगा। उन्होंने आगे कहा कि पहले, भारत सीमा पार से आतंकवाद को सहन करता था। वह समय अब खत्म हो गया है। किसी भी आतंकवादी हमले पर हमारी प्रतिक्रिया बालाकोट और उरी जैसी ही होती है।

### यादव के समर्थन में हरियाणा के सीएम की सभा आज

**अलवर।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव अलवर से भाजपा के प्रत्याशी हैं। यादव के समर्थन में बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अलवर में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इनमें पहली जनसभा तिजारा में होगी। उसके बाद अलवर शहर और रामगढ़ में भी नायब सिंह जनसभाओं को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण में पड़ोसी राज्य के मुख्यमंत्री के जरिए भारतीय जनता पार्टी ओबीसी वोट बैंक को अपने पक्ष में करने की कवायद में जुटी है। सैनी धारूहेड़ा से होकर सड़क मार्ग से तिजारा पहुंचेंगे, जहां वो जनसभा को संबोधित करेंगे। उसके बाद अलवर शहर और फिर दोपहर 2 बजे रामगढ़ में सभा को संबोधित करेंगे।

### एक करोड़ की मेस्केलिन जब्त, तस्कर गिरफ्तार



**झालावाड़।** जिले की भवानी मंडी पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान जुल्मी रोड पर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। नारकोटिक्स और पुलिस की सयुक्त कार्रवाई में उत्तर प्रदेश का खुशनूद पकड़ा गया है। आरोपी मादक पदार्थ मेस्केलिन को कपड़े में छुपा कर उत्तरप्रदेश लेकर जा रहा था। पुलिस ने उसके पास से एक किलो 20 ग्राम मेस्केलिन जब्त किया है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ 2 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

**नृत्य, गीत-संगीत सहित होंगी कई तरह की प्रतियोगिताएं, गणगौर की सवारी रहेगी आकर्षण का केंद्र**

# झीलों की नगरी में तीन दिवसीय मेवाड़ फेस्टिवल आज से

**बेधड़क** | उदयपुर

देश-दुनिया में अपनी खूबसूरती के लिए विख्यात झीलों की नगरी उदयपुर में गुरुवार से तीन दिवसीय मेवाड़ फेस्टिवल का आगाज होगा। इस फेस्टिवल को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

पहले दिन रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ इस फेस्टिवल का शुभारंभ होगा। गणगौर के लिए अपनी अनूठी पहचान बना चुके उदयपुर में शुरू होने वाला यह फेस्टिवल 13 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान उदयपुर के ऐतिहासिक गणगौर घाट और गोगुंदा में देसी-विदेशी



सैलानियों का जमघट देखने को मिलेगा। जानकारी के अनुसार फेस्टिवल में इस बार तीन दिवसीय संगीत, नृत्य, संस्कृति और मेवाड़ की पारंपरिक कला के अलग-अलग रंग भी देखने को मिलेंगे।

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से उत्सव इंडिया, द लैंड्स ऑफ फेस्टिवल सीरीज में भी मेवाड़ फेस्टिवल की भी मार्केटिंग की जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा पर्यटक जुट सकें। इस दौरान गणगौर घाट पर सांस्कृतिक संध्या, आतिशबाजी, प्रतियोगिता, मेला आदि प्रमुख आकर्षण का केंद्र होंगे। आयोजन के दौरान कई तरह की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा गणगौर की सवारी का विशेष आकर्षण रहेगा।

### तीन दिन में होंगे ये कार्यक्रम

फेस्टिवल के पहले दिन 11 अप्रैल शाम 4 से 6 बजे तक शहर में विभिन्न समाजों की गणगौर सवारियां गणगौर घाट पहुंचेंगी। शाम 6 से 7 बजे तक पिछोला में बंशी घाट से गणगौर घाट तक रॉयल गणगौर की सवारी मनमोहक दृश्य प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद सांस्कृतिक संध्या व आतिशबाजी का आयोजन होगा। दूसरे दिन 12 अप्रैल शाम 7 बजे गणगौर घाट पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व विदेशी युगल के लिए राजस्थानी पोशाक प्रतियोगिता होगी। तीसरे दिन 13 अप्रैल को ग्रामीण हाट मंच बाजार का सांस्कृतिक संध्या व आतिशबाजी के साथ समापन होगा। अंतिम दिन विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

### गणगौर महोत्सव की रहेगी धूम

पर्यटन उपनिदेशक शिखा सक्सेना ने बताया कि उदयपुर की गणगौर अपने आप में काफी प्रसिद्ध है। यहां की शाही गणगौर को देखने के लिए देश से ही नहीं, बल्कि दुनिया भर से लोग आते हैं। इस बार भी फेस्टिवल में गणगौर महोत्सव की धूम रहेगी। अलग-अलग कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ आए हुए मेहमानों का भी स्वागत किया जाएगा। विदेशी मेहमानों की प्रतियोगिता में जीतने वालों को भी परितोषित वितरित किए जाएंगे।

**कांग्रेस प्रत्याशी की सिधमुख व चांदगोठी की सभाओं में उमड़े लोग**

# हमने विकास को दी प्राथमिकता BJP तानाशाही पर उतरी: कस्वां

**बेधड़क** | चूरू

लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है चुनावी प्रचार भी गति पकड़ रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वां संसदीय क्षेत्र में तूफानी दौरा कर रहे हैं। बुधवार को सिधमुख और चांदगोठी में आयोजित सभाओं में जनसैलाब उमड़ा।

सभा में राहुल कस्वां ने कहा कि हमने विकास के ऐजेंड को प्राथमिकता दी और लोकसभा परिवार के बीच रहकर हर सुख-दुःख में साथ खड़े रहे। हमने रेलवे में 3100 करोड़ से अधिक, सड़कों के लिए 2400 करोड से अधिक के विकास कार्य करवाए हैं। चूरू ऐसा पहला क्षेत्र है जहां हर स्कूल तक बिजली, पानी, सीनियर स्कूल में हाई स्पीड इंटरनेट, कम्प्यूटर लैब का कार्य हुआ, क्योंकि हमने बड़े संकल्प के साथ काम पर फोकस किया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के पास न तो कोई एजेंडा है और न कोई विकास की बात। सामंती सोच का एक व्यक्ति पूरी भाजपा पर अपनी कुंडली मारकर बैठा है। इनके सार्वजनिक मंचों से एससी समाज के सरपंच को धमकी देना, तस्करी की बढ़ावा देने वाली बयानबाजी और जातियों की बात हो रही है। इससे चुनाव को डायवर्ट करने की कोशिश हो रही है, लेकिन जनता ने तय कर लिया है कि कोई एक व्यक्ति हमारे भविष्य को तय नहीं करेगा और 19 अप्रैल को वोट की चोट से कड़ा जवाब दिया जाएगा।





### भाजपा की तानाशाही से जनता त्रस्त: पूनियां

सिधमुख की सभा में पूर्व विधायक बलवान पूनियां ने कहा कि आज भाजपा ने तानाशाही के बल पर जनता को त्रस्त कर रखा है। किसान आंदोलन से लेकर खिलाड़ियों के साथ जो हुआ वो हम सभी ने देखा है। अग्निवीर जैसी स्कीम से युवाओं का मनोबल टूटा है। वहीं पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनियां ने कहा कि हमें मिलकर मेहनत करनी है और कांग्रेस पार्टी के योग्य उम्मीदवार राहुल कस्वां को विजयी बनाना है। आज कांग्रेस ने भविष्य की चिंता करते हुए अपना न्याय पत्र जनता के सामने रखा है।

### भाजपा के इरादे जनता के लिए घातक: काला

चांदगोठी की सभा में पिलानी विधायक पितराम काला ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा की 400 सीट आने पर संविधान बदलने व आरक्षण खत्म करने की बात भाजपा के नेताओं की ओर से की जा रही है। इन लोगों के इरादे देश और देश की जनता के लिए घातक हैं। अब जनता ही इनको सबक सिखाएगी।

### भारतीय जनता पार्टी की नीतियां विभाजनकारी: श्रवण कुमार

सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने आमसभा में कहा कि भाजपा की नीतियां विभाजनकारी है। इनका जाति और धर्म पर बांटने का खेल बहुत घातक है। आप 19 अप्रैल को राहुल कस्वां और कांग्रेस को विजयी बनाएं, ताकि लोकतंत्र बचाया जा सके। इन सभाओं में नगर पालिका चेयरमैन रजिया गहलोत, कांग्रेस देहात अध्यक्ष अशोक पूनियां, पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय पूनियां, डॉ. सत्यपाल चाहर, जिला उपाध्यक्ष करतार टांडी, शहर ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम प्रजापत, कॉमरेड मुनेश पूनियां, लाल मोहम्मद बिहानी, पीसीसी सदस्य शिशपाल पूनियां, सरपंच महावीर, संपत बेरवाल, सत्यवीर पूनियां, रामकुमार सिहाग सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पुलिस ने किया ब्लाइंड मर्डर का खुलासा**

## पत्नी से अवैध संबंध के शक में भतीजे ने की थी चाचा की हत्या



**बेधड़क** | बारां

बामला गांव के पास खेतों के रास्ते में 8 अप्रैल को बाइक सहित एक जली हुई लाश मिली थी। पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर दिया है। हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं घटना में अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। एसपी राजकुमार राजकुमार चौधरी ने बताया कि फूलचंद सुमन और राधेश्याम सुमन बीते 24 सालों से बामला गांव में प्रकाश चंद नागर के यहां हाली का काम करते थे।

सोमवार 8 अप्रैल को चंद्रमोहन नागर के खेत के पास एकमोटर साइकिल सहित जली हुई लाश मिली थी। इसके बाद पुलिस ने सभी पहलुओं पर जांच करने के बाद उसी दिन शक के आधार पर मृतक के भतीजे राधेश्याम सुमन को डिटेन किया था। राधेश्याम सुमन से पूछताछ में सामने आया कि उसने ही चाचा फूलचंद की हत्या की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हत्या की रात चाचा-भतीजे ने शराब पार्टी की। चाचा को नशा होने के बाद खेत पर बने कमरे पर चढ़कर एक बड़ा सा पत्थर उसके सिर पर मार दिया। इससे वो अधमरा हो गया। उसके बाद आरोपी भतीजे ने पेट्रोल छिड़कर बाइक सहित चाचा को फूलचंद को आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी दिमाग से भी थोड़ा कमजोर लगता है। पहले उसने अपने भाइयों के भी हत्या में शामिल होना बताया था, लेकिन पुलिस जांच में ऐसे कोई तथ्य सामने नहीं आए। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसे अपनी पत्नी से चाचा के अवैध संबंधो का शक था, जिसके चलते उसने हत्या की वारदात को अंजाम देना बताया।

**भंवर जितेंद्र ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में किया प्रचार**

## बाहरी प्रत्याशी को नकार रही जनता

**बेधड़क** | बहरोड

पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अलवर की जनता बाहरी प्रत्याशी को बर्दाश्त नहीं करेगी। यहां के लोगों को रोजाना बहुत से काम पड़ते हैं, चाहे बिजली की समस्या है, पानी की समस्या हो, सड़क की समस्या हो, लोकल परेशानी को लोकल व्यक्ति ही ठीक कर सकता है।

बाहर के व्यक्ति को जनता के पसंद नहीं करती है। बहरोड में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने ये बात कही। भंवर जितेंद्र सिंह ने कहा कि बाहर के व्यक्ति को अलवर की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। बीजेपी पुरानी



गारंटी तो पूरी नहीं कर पाई है और बात कर रही है नई गारंटी की। कांग्रेस पार्टी ने जो गारंटी बनाई है, वो पत्थर की लकीर हैं। जितनी भी स्कीम थी वो कांग्रेस राज में ही पूरी होती है, जहां कांग्रेस की सरकार है वहां उनको पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सबसे बड़ा मुद्दा है स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले। इसके लिए स्कीम आई है। गरीब परिवारों को 1 लाख रुपए सालाना मिले। युवाओं को ट्रेनिंग देकर उनको अलग-अलग कंपनियों में रोजगार दिया जाएगा। इसके साथ ही हर समाज को उनका हक मिले, ये कांग्रेस की गारंटी में है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने जिंदगी में कभी लावणी तो की नहीं, लेकिन जनता 19 तारीख के बाद उनसे लावणी भी करवाएगी और भूसा भी गिरवाएगी। उन्होंने कहा कांग्रेस प्रत्याशी ललित यादव की एक तरफा जीत है, भाजपा प्रत्याशी को अलवर की जनता नकार चुकी है।

**पीले वस्त्र पहनकर ईसर-गणगौर को लगाई हल्दी**

## गणगौर पूजा को लेकर महिलाओं में उत्साह

**बेधड़क** | चाकसू

कस्बे में गणगौर पूजा को लेकर इन दिनों महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। 16 दिन का यह गणगौर पूजन कार्यक्रम अलग-अलग कार्यक्रमों के साथ मनाया जाने लगा है। हर दिन रंग-बिरंगे परिधान पहनकर महिलाएं ईसर-गणगौर की पूजा कर रही हैं।

वहीं ढोलक की थाप पर नृत्य करने में भी उनका उत्साह नजर आ रहा है। महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही मीरा पोद्दार ने बताया कि हल्दी की रस्म में सभी महिलाओं ने पीले वस्त्र पहन कर ईसर-गणगौर को हल्दी लगाई। साथ ही गणगौर पूज रही महिलाएं शाम को



अलग-अलग घरों पर एकत्रित हो कर गणगौर माता के साथ बिंदौरा निकाल रही हैं। गणगौर पूजा कर रही अन्नू गुप्ता, मंजू गुप्ता, खुशबू गुप्ता एवं प्रीती अग्रवाल ने बताया कि बिंदौरा कार्यक्रम के अंतर्गत गणगौर माता की सवारी को प्रतिदिन अलग-अलग घरों में जाकर मंगल गीत गाए जा रहे हैं। इसके साथ ही खान-पान एवं अल्पाहार के कार्यक्रम होते हैं।

महिलाओं ने बुधवार को सिंजारा पर्व मनाते हुए हल्दी की रस्म परम्परागत तरीके से मनाई। युवतियां सुबह बाग-बगीचे में जाकर पूजा के लिए पत्र-पुष्प और दूब चुनकर, लोटे में जल भर कर गीत गाते हुए घर आती हैं और गणगौर माता की पूजन करतीं हैं। 16 दिन तक चलने वाली पूजा का समापन गुरुवार को होगा।

**जोधपुर के कुड़ी भगतासनी की चुनावी सभा में**

# शेखावत ने चुनाव को बताया महाभारत और कांग्रेस गठबंधन को कौरव सेना

**बेधड़क** | जोधपुर

युद्ध की रणभेरी बज चुकी है। दोनों तरफ की सेनाएं आमने-सामने खड़ी हैं। ठीक वही स्थिति है, जो महाभारत युद्ध के समय थी। एक तरफ कौरवों की सेना थी, जो संख्या में बेशक विशाल थी। सभी तरह के साम, दाम, दंड, भेद को लेकर किसी तरह से असत्य की विजयश्री के लिए लड़ रही थीं।

दूसरी तरफ, भगवान श्रीकृष्ण के सान्निध्य में पांडवों की सेना थी, जो सत्य को स्थापित करने के लिए संघर्ष कर रही थी। वर्तमान का चुनाव भी ठीक वैसा ही है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार रात को कुड़ी भगतासनी में आयोजित चुनावी सभा को कुछ इसी अंदाज



में संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व के गठबंधन को कौरव सेना करार दिया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देशभर में कांग्रेस पार्टी के साथ सहयोगी दलों ने मिलकर जो संगठन बनाया है, वो सारा संगठन असत्य को स्थापित करने के लिए देश में झूठ का नैरेटिव गढ़ रहा है। वो एक उद्देश्य के साथ में खड़ा है कि किसी भी तरह से मोदी को हटाना है। वो संगठन पूरी तरह से नियोजित होकर चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मैं नियोजित शब्द का जानबूझकर प्रयोग कर रहा हूं, क्योंकि मैं संगठित नहीं कह सकता, क्योंकि उनका द्वंद्व प्रारंभ हो गया है, झगड़ा चालू हो गया है।

शेखावत ने कहा कि दूसरी ओर, मोदी जी का परिवार है, जो इस संकल्प के साथ की हम देश को सशक्त, संपन्न और शक्तिशाली बनाएंगे। भारत को दुनिया का नेतृत्व करने वाला देश बनाएंगे। भारत को समृद्ध और संपन्न बनाने के लक्ष्य को लेकर चुनाव के मैदान में हैं। हमारे लिए सत्ता इस लक्ष्य को प्राप्त का साधन है।

### आमने-सामने खड़ी दो विचारधाराएं

शेखावत ने कहा कि दो तरह की सेनाएं और विचारधाराएं आमने-सामने खड़ी हैं। एक विचारधारा के लिए भ्रष्टाचार किसी भी तरह और कहीं भी अपराध नहीं है। कहीं भी आलोचना करने योग्य नहीं है। दूसरी तरफ, नरेंद्र मोदी का परिवार और सेना है, जिसका भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस है। एक तरफ वो गठबंधन है, जिस गठबंधन में एक कोयले का चोर, एक जमीन का चोर, एक नौकरी घोटाले वाला, एक शराब घोटाले वाला, आधे जमानत पर छूटे हुए और आधे जेल में बैठे हुए हैं। यह सब मिलकर मोदी को हराने के लिए काम कर रहे हैं।

### मोदी ने बढ़ाई विश्व में भारत की साख

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी सारी चुनौतियों को समाप्त कर विश्व में भारत का स्थान ऊपर उठाने के लिए काम कर रहे हैं। आज दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। एक तरफ उस मानसिकता के लोग हैं, जो खुलेआम इस बात की घोषणा कर रहे हैं कि इंडी अलायंस की सरकार बनती है, तो हम अनुच्छेद 370 को वापस लागू करने का काम करेंगे। दो दिन पहले इस गठबंधन के सहयोगी दल सीपीआई ने यह बात अपने घोषणा पत्र में कही। शेखावत ने कहा कि अनुच्छेद 370, जो 70 साल से भारत के माथे पर कलंक के रूप में था, जिस 370 के कारण आतंकवाद को पोषण मिलता था, जिस 370 के चलते हुए इस मारवाड़ का कोई ऐसा कोना नहीं होगा, ऐसी दो पंचायतें नहीं होंगी, जिनमें शहीद का स्मारक या शहीद की मूर्ति न लगी हो। उन्होंने कहा कि 48,000 लोगों ने जिस कश्मीर को अखंड़ बनाए रखने के लिए अपना खून दिया। जिस 370 को मोदी जी ने हटाया, उसको वो वापस स्थापित करना चाहते हैं। शेखावत ने सनातन की आलोचना करने वालों पर भी जमकर प्रहार किया।

### खेल शिक्षा के लिए प्रतिष्ठित संस्थान माना जाता है एनआईएस पटियाला, सीबीटी मोड में होगा कोर्स का एंट्रेस एग्जाम

# एनआईएस: स्पोर्ट्स कोचिंग डिप्लोमा एंट्रेस परीक्षा होगी 2 जून को

**बेधड़क** नई दिल्ली

खेल में कॅरियर बनाने के युवाओं के लिए अच्छी खबर आई है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनआईएस) पटियाला के डिप्लोमा इन स्पोर्ट कोचिंग-2024 में प्रवेश के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में प्रवेश के लिए एंट्रेंस एग्जाम 2 जून 2024 दिन रविवार को आयोजित की जाएगी।

उम्मीदवारों के लिए आवेदन प्रक्रिया www.dipsc.ninis.in पर 20 मार्च से शुरू कर दी गई है। एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। एनआईएस आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद कैंडिडेट के लिए 20 से 21 अप्रैल यानी दो दिनों के लिए आवेदन सुधार विंडो खोली जाएगी।

एनआईएस प्रवेश परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट www.nsnis.org पर जाकर एग्जाम शेड्यूल और परीक्षा सिलेबस देख सकते हैं। एनआईएस परीक्षा 2024 सीबीटी मोड में दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक एक घंटे की अवधि के लिए आयोजित की जाएगी।



#### इन जगहों पर होगी परीक्षा

एनटीए द्वारा एनआईएस एंट्रेंस एग्जाम अहमदाबाद, अंबाला, बेंगलुरु, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, कोयंबटूर, नई दिल्ली, फरीदाबाद, नोएडा, पटना, पुणे, रायपुर, तिरुवनंतपुरम, वाराणसी, विशाखापत्तनम, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंफाल, जयपुर, जम्मू, जोधपुर, कोच्चि, कोलकाता, कोझिकोड, लखनऊ, मुंबई, नागपुर में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा ढाका, काठमांडू और श्रीलंका में परीक्षा कराई जाएगी।

#### पांच भागों से पूछे जाएंगें सवाल

| क्र. सं. | विषय | एमसीक्यू नंबर |
|---|---|---|
| 1 | स्पेशलाइज्ड स्पोर्ट थ्योरी (उम्मीदवार द्वारा अपने आवेदन पत्र में चुने गए 26 विषयों में से कोई भी) | 25 |
| 2 | जनरल नॉलेज थ्योरी टेस्ट | 10 |
| 3 | लॉजिकल रिजनिंग एंड कोचिंग एटीट्यूड | 10 |
| 4 | लैंग्वेज एंड कम्यूनिकेशन | 10 |
| 5 | बेसिक कंप्यूटर नॉलेज | 5 |
| | Total | 50 |

**यह रहेगा परीक्षा कार्यक्रम**

एनआईएस परीक्षा में कुल 60 एमसीक्यू टाइप के प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए उम्मीदवार को 1 अंक दिया जाएगा। वहीं, इस परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का कोई प्रावधान नहीं है। सेक्शन-1 प्रत्येक उम्मीदवार के लिए उनके द्वारा चयनित खेल के आधार पर अलग-अलग होगी। इसके अलावा अन्य सभी सेक्शन में एक जैसे प्रश्न पूछे जाएंगे।। परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आयोजित होगी। हालाँकि, लैंग्वेज और कम्यूनिकेशन सेक्शन सिर्फ अंग्रेजी में होगी।

## Yuva स्टोरीज

### मन की पवित्रता और आनंद से हासिल होता जीवन का लक्ष्य

**बेधड़क** | जयपुर



जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने "मानव क्षमता के मनोविज्ञान की ओर" विषय पर 14वां थॉट लीडरशिप व्याख्यान आयोजित किया। व्याख्यान का संचालन डॉ. प्रशांत गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर गिरीश्वर मिश्रा पीएच.डी. पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा रहे। इंस्टीटयूट के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने मुख्य वक्ता का स्वागत ग्रीन सर्टिफिकेट से किया और बौद्धिक विचार विमर्श में उनके अमूल्य योगदान के लिए प्रो. मिश्रा का आभार जताया। इस दौरान प्रोफेसर मिश्रा ने कहा कि व्यक्ति अपनी क्षमताओं को कैसे साकार करने के लिए कैसे काम करता है यह सब अपने प्रयासों व अवसर के लाभ से मिलता है। उन्होंने कहा कि जहां मन की पवित्रता और आनंदमय व्यक्तित्व प्रबल होता है। वही व्यक्ति अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल कर लेता है। छात्र मामलों के डीन डॉ. दानेश्वर शर्मा ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सर्जरी: जयपुर के डॉक्टरों ने निकाली 10 किलो की गांठ

**बेधड़क** | जयपुर



शहर के चिकित्सकों ने कोलकाता के 55 वर्षीय मरीज नारायण पॉल के पैंक्रियाज में 10 किलो की गांठ को सर्जरी के द्वारा निकालने में सफलता हासिल की है। राजधानी के एसआरके मैक्स हॉस्पिटल के निदेशक सीनियर यूरोलॉजिस्ट डॉ. राकेश शर्मा के निर्देशन में पूरी टीम ने ये सर्जरी की। पेंक्रियाज में ट्यूमर की समस्या से मरीज काफी समय से जूझ रहा था, उन्हें कोलकाता से सीएमसी वेल्लोर रेफर किया गया। इसी दौरान मरीज को डॉ. राकेश से संपर्क होने पर उसने एसआरके मैक्स से इलाज करवाने का निर्णय लिया। डा. राकेश ने मरीज की प्रारंभिक जांचों के बाद सर्जरी करने का निर्णय लिया और तीन घंटे तक चली जटिल सर्जरी के बाद गांठ निकालने में सफलता मिली। ऑपरेशन के बाद मरीज पूर्णतया स्वस्थ था, सभी परिजनों ने डॉक्टर को धन्यवाद दिया।

### 12 से 14 अप्रैल तक होगा 'नया-pun' तृतीय संस्करण



**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ डिजाइन की ओर से नए आइडियाज और क्रिएटिविटी से सराबोर तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जवाहर कला केंद्र में 12 से 14 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 27 मनोरंजक पंच और 18 आकर्षक आर्ट इंस्टालेशन का प्रदर्शन किया जाएगा।

पेंसिल बॉक्स डिज़ाइन के सहयोग से आयोजित होने जा रहीं 'नया-pun' तृतीया संस्करण में ह्यूमर को क्रिएटिव डिजाइंस द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में सुनने में एक जैसे पर अर्थ में भिन्न शब्दों के कुशल प्रयोग से दर्शकों को हंसाने का प्रयास किया जाएगा। प्रदर्शनी सभी आयु वर्गों के दर्शकों को प्रसन्न करने और प्रेरित करने का उद्देश्य रखती है। प्रदर्शनी में मशहूर स्टैंडअप कॉमेडियन अनमोल गर्ग के सहयोग से प्रदर्शनी में उनका यूनिक ब्रांड ऑफ़ ह्यूमर 'दिल से देसी' चार्म भी देखने को मिलेगा। 'नया-pun'तृतीया संस्करण में जयपुर स्कूल ऑफ़ डिज़ाइन-जेईसीआरसी विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली डिज़ाइन छात्रों द्वारा बनाए गए 27 मनोरंजक पंच और 18 आकर्षक कला स्थापनाओं का प्रदर्शन करेगा। इस तरह की प्रदर्शनियां जनता के लिए कला और विचारों के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है और कला को प्रदर्शित करने और प्रासंगिक बनाने में एक अहम भूमिका निभाती है।

### लिस्ट में 69 भारतीय संस्थानों को मिली जगह

# क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग : जेएनयू शीर्ष पर

**बेधड़क** | जयपुर




क्यूएस क्वाक्वेरेली साइमंड्स की ओर से वर्ष 2024 के लिए क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग जारी कर दी गई है। जिसमें 69 भारतीय विश्वविद्यालयों ने अपनी जगह बनाई है। इस रैंकिंग में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय भारत का सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय बन गया है। विकास अध्ययन के लिए विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर जेएनयू भारत का सर्वोच्च रैंक वाला विश्वविद्यालय बनकर उभरा है। इस वर्ष क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में विषय के अनुसार भारत की रैंकिंग प्रविष्टियों और समग्र प्रदर्शन में क्रमशः 19 प्रतिशत और 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इस लिस्ट में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद व्यवसाय और प्रबंधन अध्ययन के लिए दुनिया भर के शीर्ष 25 संस्थानों में शामिल है। इसके अलावा आईआईएम-बैंगलोर और कलकत्ता को शीर्ष 50 में जगह दी गई है। आपको बता दें कि इस रैंकिंग में रिकॉर्ड 1,559 संस्थान शामिल हैं, जिसमें पहली बार 64 विश्वविद्यालयों का चुनाव किया गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी ने डाटा साइंस में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 51-70 की वैश्विक रैंकिंग हासिल की है। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में विश्व स्तर पर 51-100 वें स्थान पर रहा है।

#### पिछले वर्ष के मुकाबले दिखा सुधार

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में इस वर्ष विषय के अनुसार भारत की रैंकिंग प्रविष्टियों और समग्र प्रदर्शन में क्रमशः 19 प्रतिशत और 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 424 भारतीय विश्वविद्यालयों में कुल 69 भारतीय विश्वविद्यालयों ने विषय के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जगह बनाई है। पिछले साल 355 प्रविष्टियों में से 66 विश्वविद्यालयों ने सूची में जगह बनाई थी। विषय के आधार पर क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का 2024 संस्करण 55 शैक्षणिक विषयों और पांच व्यापक संकाय क्षेत्रों में दुनिया भर के 96 स्थानों में 1500 से अधिक विश्वविद्यालयों के छात्रों द्वारा लिए गए 16,400 से अधिक व्यक्तिगत विश्वविद्यालय कार्यक्रमों के प्रदर्शन पर स्वतंत्र तुलनात्मक विश्लेषण प्रदान करता है।

#### ड्रैगन के बाद एशिया में दूसरे नंबर पर है भारत

रैंकिंग विश्वविद्यालयों की संख्या के मामले में भारत एशिया में 101 विश्वविद्यालयों के साथ चीन के बाद दूसरा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है। इस बीच, चेन्नई के सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज (SIMATS) ने दंत चिकित्सा अध्ययन के लिए विश्व स्तर पर 24वां स्थान हासिल किया।

## अब 27 अप्रैल से होंगे जेईई एडवांस 2024 के रजिस्ट्रेशन आवेदन



**बेधड़क** | नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने बुधवार को को जेईई एडवांस 2024 पंजीकरण तिथि में बदलाव किया है। जारी शेड्यूल के अनुसार, संयुक्त प्रवेश परीक्षा एडवांस 2024 (जेईई एडवांस 2024) के लिए आवेदन प्रक्रिया 27 अप्रैल से शुरू की जाएगी। उम्मीदवारों के लिए जेईई एडवांस 2024 आवेदन प्रक्रिया 7 मई को बंद कर दी जाएगी। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मद्रास ने इससे पहले जेईई एडवांस 2024 रजिस्ट्रेशन तिथि 21 अप्रैल से 30 अप्रैल तक निर्धारित की थी। जेईई एडवांस 2024 पंजीकरण शुल्क जमा करने की लास्ट डेट 10 मई तय की गई है। जेईई एडवांस 2024 परीक्षा का आयोजन 26 मई को किया जाएगा। संयुक्त प्रवेश परीक्षा एडवांस 2024 में भाग लेने वाले आवेदकों के लिए 17 मई से 26 मई तक आधिकारिक वेबसाइट पर जेईई एडवांस एडमिट कार्ड 2024 जारी किया जाएगा। जेईई एडवांस 2024 हाल टिकट डाउनलोड करने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल की आवश्यकता होगी।

जेईई एडवांस 2024 में आवेदन के लिए उम्मीदवार का जन्म 1 अक्टूबर 1999 को या उसके बाद होना चाहिए। इसके अलावा एससी, एसटी और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन देख सकते हैं।

## 222 पदों पर होगी हाई कोर्ट सिविल जज भर्ती

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान उच्च न्यायालय में सिविल जज भर्ती 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार इन रिक्तियों के लिए आधिकारिक वेबसाइट hcraj.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 8 मई 2024 तक है। उम्मीदवार 9 मई शाम 5 बजे तक आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को आयु में नियमानुसार छूट दी जाएगी। बता दें कि राजस्थान उच्च न्यायालय सिविल जज भर्ती 2024 के माध्यम से 222 रिक्तियों को भरा जाना है। इनमें वर्ष 2022 के 83 पद, वर्ष 2023 के 57 पद और वर्ष 2024 के 82 पद शामिल हैं। भर्ती में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या अधिवक्ता अधिनियम 1961 के तहत मान्यता प्राप्त संस्थान से कानून में स्नातक (एलएलबी) की डिग्री होनी चाहिए। राजस्थान उच्च न्यायालय सिविल जज भर्ती 2024 प्रारंभिक परीक्षा 16 जून को आयोजित की जाएगी।

राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा सिविल जज भर्ती 2024 प्रारंभिक और मुख्य लिखित परीक्षा जोधपुर एवं जयपुर में आयोजित किए जाने की संभावना है।



### एआईएसएसईई राउंड 1 सीट आवंटन रिजल्ट जारी, स्कूल स्वीकृति की लास्ट डेट कल

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एडमिशन काउंसलिंग ने कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के लिए सैनिक स्कूल काउंसलिंग 2024 राउंड 1 सीट आवंटन परिणाम घोषित कर दिया है। जिन छात्रों ने अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा (एआईएसएसईई 2024) उत्तीर्ण की है और काउंसलिंग के लिए पंजीकरण कराया है, वे आधिकारिक वेबसाइट pesa.ncog.gov.in/sainikschoole-counselling/ पर आवंटन परिणाम देख सकते हैं। आवंटन परिणाम की जांच करने के लिए, छात्रों को आधिकारिक वेबसाइट पर अपना लॉगिन क्रेडेंशियल जैसे उपयोगकर्ता नाम, पासवर्ड और कैप्चा दर्ज करना होगा। बता दें कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 13 मार्च को अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के नतीजे घोषित किए थे।

**डिस्कशन** नागौर के किसान परिवार में जन्मे युवा नकुल परिहार ने बनाया एप

# बिचौलियों और कालाबाजारी से बचाएगा उत्कर्ष एप

**बेधड़क** | जयपुर




नागौर के किसान परिवार में जन्म लेने वाले नकुल परिहार किसानों व महिलाओं के हितों की सोचते हुए बाजार में मिल रहे मिलावटी सामान से ग्राहकों को बचाने के लिए आगामी 17 अप्रैल को एक मोबाइल एप लॉन्च करेंगे। उत्कर्ष किसान एप के नाम से यह एप होगा। एप के जरिए किसान बिचौलियों एवं मण्डी में कालाबाजारी से बचने के लिए सीधा अपना अनाज और कृषि भूमि से उत्पन्न होने वाले खाद्य पदार्थ खाद-बीज आदि सीधा अपने घर से नजदीकी ग्राहक को घर बैठे बेच सकेंगे।

इसके अलावा उत्कर्ष किसान एप से गृहिणी महिलाओं को अपनी प्रतिभा एवं हुनर को परिभाषित करने का एक मौका मिल सकेगा। इसमें महिलाएं अपने घर से बनाई हुई पेन्टिंग, खाद्य पदार्थ, डिजाइनिंग मेटेरियल इत्यादि घर बैठे एप्लीकेशन पर आकर सीधे ग्राहक को बेच सकेंगी। इससे महिलाओं को रोजगार का एक नया सुनहरा अवसर मिलेगा। उत्कर्ष किसान मेक इन इण्डिया को आगे बढ़ाते हुए गांव ढ़ाणी में बैठे हजारों महिलाओं एवं बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करेगा।

एप में शुद्धता एवं गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा। उत्कर्ष किसान एप खरीदे हुए माल के पूर्णतया शुद्धता एवं गुणवत्ता को परख कर ही आगे ग्राहक को बेचेगा। ग्राहक को खरीदे हुए माल में पूर्ण रूप से शुद्धता मिलेगी। उत्कर्ष किसान एप रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में योग्य शिक्षित व अनुभवी बेरोजगार युवको में से अपने प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करेगा।

साथ ही शहरी क्षेत्र में योग्य अनुभवी महिला को प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति दी जायेगी।

#### महिलाएं बन सकेंगी सशक्त

उत्कर्ष किसान एप से गृहिणी महिलाओं को अपनी प्रतिभा एवं हुनर को दिखाने का एक अवसर मिल सकेगा। एप के फाउंडर के अनुसार एप के जरिए महिलाएं खुद की बनाई हुई पेन्टिंग, खाद्य पदार्थ, डिजाइनिंग मेटेरियल इत्यादि घर बैठे एप्लीकेशन पर आकर सीधे ग्राहक को बेच सकेंगी। इससे महिलाओं को रोजगार का एक नया सुनहरा अवसर मिलेगा। साथ ही महिलाएं सशक्त हो सकेंगी।

# बहुआयामी प्रतिभा के धनी गद्यशिल्पी



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



**साहित्यकार विष्णु प्रभाकर का स्मृति दिवस**

> *'अर्धनारीश्वर' के लेखन में विष्णु प्रभाकर ने संवाद, विवेचन, पत्र, डायरी आदि विविध शैलियों का कलात्मक इस्तेमाल किया है। 'तट के बंधन' में उपन्यास में उन्होंने देश विभाजन और साम्प्रदायिक हिंसा की विभीषिका से पीड़ित स्त्रियों की व्यथा कथा को बेहद संवेदनशीलता से बुना है।*

विष्णु प्रभाकर का तसव्वुर करो, तो एक तस्वीर जेहन में चली आती है। सिर पर गांधी टोपी और शरीर पर ख़द्दर का कुर्ता-पाजामा, बास्किट। एक गांधीवादी लेखक। जो सादगी की जीती-जागती मिसाल थे। उन्होंने न सिर्फ अपने जीवन में गांधीवादी जीवन मूल्यों को अपनाया एवं उनके आदर्शों पर चले, बल्कि अपनी रचनाओं में भी इस विचारधारा को प्रतिष्ठित किया। प्रेमचंद, जैनेन्द्र कुमार की तरह विष्णु प्रभाकर ने भी अपने साहित्य से गांधी चिंतन को ठोस व्यावहारिक रूप प्रदान किया। विष्णु प्रभाकर का संपूर्ण साहित्य सामाजिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों की रचनात्मक अभिव्यक्ति है। राष्ट्रप्रेम और मानवतावादी दृष्टिकोण उनके साहित्य का मूल स्त्रोत है। वह बहुआयामी प्रतिभा के धनी गद्यशिल्पी थे। उन्होंने अपने लेखन से हिंदी साहित्य को व्यापक रूप से समृद्ध किया। आज भी पाठक उनके साहित्य से प्रेरणा लेते हैं। विष्णु प्रभाकर का साहित्य लोगों में सामाजिक चेतना जगाने का काम करता है। ख़ास तौर से महिलाओं के लिए उन्होंने खूब साहित्य रचा। उनकी समस्याओं एवं परेशानियों को समझा और उन्हें अपनी आवाज दी। अपनी कहानी कला के बारे में विष्णु प्रभाकर का कहना था, ''मैं न आदर्शों से बंधा हूं और न सिद्धांतों से। बस भोगे हुए यथार्थ की पृष्ठभूमि में उस उदात्त की ख़ोज में चलता चला आ रहा हूं। मेरे पास वह कला भले ही न हो, जो कहानी को कहानी बनाती है, पर झूठ का सहारा मैंने कभी नहीं लिया।''

21 जून, 1912 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले स्थित मीरापुर गांव में जन्मे विष्णु प्रभाकर का वास्तविक नाम विष्णु गुप्त था। उन्हें बचपन से ही लेखन में रुचि थी। 'विष्णु', 'विष्णुगुप्त', 'विष्णुदत्त' और 'प्रेम-बंधु' आदि छद्म नामों से वह कहानियां लिखते थे। साल 1934 में उन्होंने हिंदी साहित्य की 'प्रभाकर' की परीक्षा पास की और इसके बाद वह अपने नाम के साथ प्रभाकर लगाने लगे। साल 1931 में महज उन्नीस साल की उम्र में विष्णु प्रभाकर की पहली कहानी 'दीवाली के दिन', लाहौर के 'हिंदी मिलाप' में प्रकाशित हो गई थी, लेकिन उनका नियमित लेखन 1934 से शुरू हुआ और इसके बाद, फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। महान कथाकार प्रेमचंद ने अपने अखबार और साहित्यिक पत्रिका 'हंस' में उनकी कहानियां प्रकाशित कीं। यही नहीं उस दौर की हिंदी साहित्य की सभी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं 'अलंकार', 'विशाल भारत', 'सरस्वती', 'माया', 'सुधा', 'माधुरी', 'कहानी', 'धर्मयुग' आदि में विष्णु प्रभाकर की कहानियां छपीं और उन पर खूब चर्चा हुई।

विष्णु प्रभाकर ने गद्य की सभी विधाओं में लिखा, लेकिन वह मूल रूप से कहानीकार ही थे। उन्होंने तकरीबन तीन सौ कहानियां लिखीं। 'धरती अब भी घूम रही है', 'मुरब्बी', 'जज का फैसला', 'अधूरी कहानी', 'मेरा वतन', 'पुल टूटने से पहले', 'अभाव', 'ठेका', 'हिमालय की कहानी' उनकी कालजयी कहानियां हैं। विष्णु प्रभाकर की प्रारंभिक कहानियों में शैली और शिल्प की दृष्टि से जैनेन्द्र का काफी प्रभाव था, लेकिन बाद में उन्होंने अपनी भाषा एवं कहानी शिल्प को बदला और अपनी खुद की एक अलग ही शैली निर्मित की, जो पाठकों को बेहद पसंद आई। विष्णु प्रभाकर की बहुचर्चित कहानी 'धरती अब भी घूम रही है' समाज और व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता को बड़े ही खूबसूरती से उकेरती है। बच्चों के पात्रों के जरिए उन्होंने व्यवस्था पर कड़े प्रहार किए हैं। इस कहानी ने विष्णु प्रभाकर को काफ़ी लोकप्रियता दिलाई। कहानी का कई भाषाओं में अनुवाद हुआ। विष्णु प्रभाकर ने हिंदू-मुस्लिम संबंधों पर कई प्रभावशाली कहानियां लिखी हैं। भारत का विभाजन उन्होंने अपनी आंखों से देखा था। साम्प्रदायिक दंगों से दो सम्प्रदायों के बीच जो अविश्वास और दुराग्रह पैदा हुए, इन समस्याओं की शिनाख्त और इनका निराकरण वे अपनी कहानियों के माध्यम से करते हैं। 'अधूरी कहानी', 'मेरा बेटा', 'तांगेवाला', 'मेरा वतन' आदि कहानियों में उन्होंने बंटवारे के बाद के समाज और उसकी मनोविज्ञानिक स्थितियों का मार्मिक चित्रण किया है। यह कहानियां इतनी भावनात्मक हैं कि नफरत भरे दिलों में भी बदलाव ला दें।

नारी ज़िंदगी की विवशता एवं उसके अंतर्द्वंद्व पर विष्णु प्रभाकर ने कई कहानियां लिखीं। 'सच मैं सुंदर हूं', 'एक और दुराचारिणी', 'एक मौत समंदर किनारे', 'हिमालय की बेटी', 'शरीर से परे', 'आश्रिता', 'क्रांति', 'एक और कुंती', 'ज़िंदगी एक रिहर्सल' ऐसी ही कुछ कहानियां हैं। इन कहानियों की नायिका जीवन की परेशानियों के लिए अपनी किस्मत को जिम्मेदार मानकर, ज़िंदगी से नहीं हार जाती, बल्कि संघर्ष और एक नई सोच के साथ उन विकराल परिस्थितियों से मुकाबला करती हैं। उन पर विजय प्राप्त करती हैं। महिलाओं की स्वतंत्रता के भी वह पक्षधर थे। नारी नियति की बहुआयामी त्रासदी, विष्णु प्रभाकर के उपन्यासों का केन्द्रीय कथ्य है। महिला समस्याओं के प्रति उनकी संवदेनशीलता और सहानुभूति इन उपन्यासों में स्पष्ट दिखाई देती है।

अपने सात दशक के लेखन में कई अविस्मरणीय कहानियां और पात्र दिए, जिन्हें भूलना नामुमकिन है। 97 साल लंबी जिंदगी जीने के बाद, 11 अप्रैल, 2009 को उन्होंने इस दुनिया से अपनी आखिरी विदाई ली।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## विक्रम संवत् पर आधारित

# काल-गणना की वैज्ञानिक प्रस्तुति 'पंचांग'



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *अंग्रेजी महीनों के अनुसार वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च का होता है। ग्राम और कृषि आधारित अर्थ व्यवस्थाओं के वर्ष का यही आधार है। इसलिए हिंदी मास या विक्रम संवत् में चैत्र और वैशाख महिनों को मधुमास कहा गया है। इसी दौरान चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानी गुड़ी पड़वा से नया संवत्सर प्रारंभ होता है। जबकि ग्रेगेरियन में नए साल की शुरुआत पौष मास अर्थात जनवरी से होती है,जो किसी भी उल्लेखनीय परिर्वतन का प्रतीक नहीं है।*

विक्रम संवत का पहला महीना है चैत्र। इसका पहला दिन गुड़ी पड़वा कहलाता है। ब्रह्म-पुराण में कहा गया है कि इसी दिन ब्रह्माजी ने सूर्योदय के समय सृष्टि की रचना का आरम्भ किया था, इसलिए इसे नया दिन कहा गया और काल गणना का प्रारंभ हुआ। भगवान श्रीराम ने इसी दिन बाली का वध करके दक्षिण भारत की प्रजा को आतंक से छुटकारा दिलाया था। इस कारण भी इस दिन का विशेष महत्व है, लेकिन दुर्भाग्यवश काल गणना का यह नए साल का पहला दिन हमारे राष्ट्रीय पंचांग का हिस्सा नहीं है।




कालमान या तिथि-गणना किसी भी देश की ऐतिहासिकता की आधारशिला होती है। किंतु जिस तरह से हमारी राष्ट्रभाषा हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं को विदेशी भाषा अंग्रेजी का वर्चस्व धूमिल कर रहा है, कमोवेश यही हश्र हमारे राष्ट्रीय पंचांग, मसलन कलेंडर का भी है। किसी पंचांग की काल-गणना का आधार कोई न कोई प्रचलित संवत होता है। हमारे राष्ट्रीय पंचांग का आधार शक संवत है। हालांकि शक संवत को राष्ट्रीय संवत की मान्यता नहीं मिलनी चाहिए थी, क्योंकि शक परदेशी थे और हमारे देश में हमलावर के रूप में आए थे। यह अलग बात है कि शक भारत में बसने के बाद भारतीय संस्कृति में ऐसे रच-बस गए कि उनकी मूल पहचान लुप्त हो गई। बावजूद शक संवत को राष्ट्रीय संवत की मान्यता नहीं देनी चाहिए थी, क्योंकि इसके लागू होने बाद भी हम इस संवत के अनुसार न तो कोई राष्ट्रीय पर्व, जयंती मानते हैं और ना ही लोक परंपरा के पर्व। तय है, इस संवत् का हमारे दैनंदिन जीवन में कोई महत्व नहीं है। इसके वनिस्वत हमारे संपूर्ण राष्ट्र के लोक व्यवहार में विक्रम संवत के आधार पर तैयार किया गया पंचांग है। हमारे सभी प्रमुख त्योहार और तिथियां इसी पंचांग के अनुसार लोक मानस में मनाए जाते हैं। इस पंचांग की विलक्षणता है कि यह ईसा संवत् से तैयार ग्रेगेरियन कलेंडर से भी 57 साल पहले वर्चस्व में आ गया था, जबकि शक संवत् की शुरुआत ईसा संवत् के 78 साल बाद हुई थी। अतएव हमने काल-गणना में गुलाम मानसिकता का परिचय देते हुए पिछड़ेपन को ही स्वीकारा। प्राचीन भारत और मध्य-अमेरिका दो ही ऐसे देश थे, जहां आधुनिक सेकंड से सूक्ष्मतर और प्रकाश वर्ष जैसे उत्कृष्ट कालमान प्रचलन में थे। अमेरिका में मय सभ्यता का वर्चस्व था। मय संस्कृति में शुक्र-ग्रह के आधार पर काल-गणना की जाती थी। विश्वकर्मा मय दानवों के गुरु शुक्राचार्य का पौत्र और शिल्पकार त्वष्टा का पुत्र था। मय के वंशजों ने अनेक देशों में अपनी सभ्यता को विस्तार दिया। इस सभ्यता की दो प्रमुख विशेषताएं थीं, स्थापत्य-कला और दूसरी सूक्ष्म ज्योतिष व खगोलीय गणना में निपुणता। रावण की लंका का निर्माण इन्हीं मय दानवों ने किया था। प्राचीन समय में युग, मनवन्तर, कल्प जैसे महत्तम और कालांश लघुतम समय मापक विधियां प्रचलन में थीं।

ऋृग्वेद में वर्ष को 12 चंद्रमासों में बांटा गया है। हरेक तीसरे वर्ष चंद्र और सौर वर्ष का तालमेल बिठाने के लिए एक अधिकमास जोड़ा गया। इसे मलमास भी कहा जाता है। ऋृग्वेद की ऋचा संख्या 1-164,48 में एक पूरे वर्ष का विवरण इस प्रकार उल्लेखित है-

***द्वादश प्रघयश्चक्रमेंक त्रीणि नम्यानि क उ तश्चिकेत।***

***तस्मिन्त्साकं त्रिशता न शंकोवोऽर्पिताः षष्टिर्न चलाचलासः।***

इसी तरह प्रश्नव्याकरण में 12 महिनों की तरह 12 पूर्णमासी और अमावस्याओं के नाम और उनके फल बताए गए हैं। ऐतरेय ब्राह्मण में 5 प्रकार की ऋतुओं का वर्णन है। तैत्तिरीय ब्राह्मण में ऋतुओं को पक्षी के प्रतीक रूप में प्रस्तुत किया गया है-

***तस्य ते वसन्तः शिरः। ग्रीष्मो दक्षिणः पक्षः वर्षः पुच्छम्। शरत पक्षः। हेमान्तो मघ्यम्।***

अर्थात वर्ष का सिर वसंत है। दाहिना पंख ग्रीष्म। बायां पंख शरद। पूंछ वर्षा और हेमन्त को मघ्य भाग कहा गया है। अर्थात तैत्तिरीय ब्राह्मण काल में वर्ष और ऋतुओं की पहचान और उनके समय का निर्धारण प्रचलन में आ गया था। ऋतुओं की स्थिति सूर्य की गति पर आधारित थी। एक वर्ष में सौर मास की शुरुआत, चंद्रमास के प्रारंभ से होती थी। प्रथम वर्ष के सौर मास का आरंभ शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को और आगे आने वाले तीसरे वर्ष में सौर मास का आरंभ कृष्ण पक्ष की अष्टमी से होता था। तैत्तिरीय संहिता में सूर्य के 6 माह उत्तारयण और 6 माह दक्षिणायन रहने की स्थिति का भी उल्लेख है। दरअसल जम्बूद्वीप के बीच में सुमेरू पर्वत है। सूर्य और चंद्रमा समेत सभी ज्योर्तिमंडल इस पर्वत की परिक्रमा करते हैं। सूर्य जब जम्बूद्वीप के अंतिम आभ्यांतर मार्ग से बाहर की ओर निकलता हुआ लवण समुद्र की ओर जाता है, तब इस काल को दक्षिणायन और जब सूर्य लवण समुद्र के अंतिम मार्ग से भ्रमण करता हुआ जम्बूद्वीप की ओर कूच करता है, तो इस कालखंड को उत्तरायण कहते हैं। ऋग्वेद में युग का कालखंड 5 वर्ष माना गया है। इस पांच साला युग के पहले वर्ष को संवत्सर, दूसरे को परिवत्सर, तीसरे को इदावत्सर, चौथे को अनुवत्सर और पांचवें वर्ष को इद्वत्सर कहा गया है। इन सब उल्लेखों से प्रमाणित होता है कि ऋग्वैदिक काल से ही चंद्रमास और सौर वर्ष के आधार पर की गई काल-गणना प्रचलन में आने लगी थी, जिसे जन सामान्य ने स्वीकार कर लिया था। चंद्रकला की वृद्धि और उसके क्षय के निष्कर्षों को समय नापने का आधार माना गया। कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष के आधार पर उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने विक्रम संवत् की विधिवत शुरुआत की। इसके लिए एक वेधशाला भी बनाई गई, जो सूर्य की परिक्रमा पर केंद्रित है। इस दैनंदिन तिथि गणना को पंचांग कहा गया। किंतु जब स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद अपना राष्ट्रीय संवत् अपनाने की बात आई तो राष्ट्रभाषा की तरह सांमती मानसिकता के लोगों ने विक्रम संवत् को राष्ट्रीय संवत् की मान्यता देने में विवाद पैदा कर दिए। कहा गया कि भारतीय काल-गणना उलझाऊ है। इसमें तिथियों और मासों का परिमाप घटता-बढ़ता है, इसलिए यह अवैज्ञानिक है। जबकि राष्ट्रीय न होते हुए भी सरकारी प्रचलन में जो ग्रेगेरियन कलेंडर है, उसमें भी तिथियों का मान घटता-बढ़ता है। मास 30 और 31 दिन के होते हैं। इसके अलावा फरवरी माह कभी 28 तो कभी 29 दिन का होता है। तिथियों में संतुलन बिठाने के इस उपाय को 'लीप ईयर' यानी 'अधिक वर्ष' कहा जाता है।

ऋग्वेद से लेकर विक्रम संवत् तक की सभी भारतीय काल गणनाओं में इसे अधिकमास ही कहा गया है। ग्रेगेरियन कलैंडर की रेखाकिंत की जाने वाली महत्वपूर्ण विसंगति यह है कि दुनिया भर की कालगणनाओं में वर्ष का प्रारंभ वसंत के बीच या उसके आसपास से होता है, जो फागुन में अंगड़ाई लेता है। इसके तत्काल बाद ही चैत्र मास की शुरुआत होती है। इसी समय नई फसल पककर तैयार होती है,जो एक ऋतु चक्र समाप्त होने और नए वर्ष के ऋतुचक्र के प्रारंभ का संकेत है। दुनिया की सभी अर्थ व्यवस्थाएं और वित्तीय लेखे-जोखे भी इसी समय नया रूप लेते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# ईमानदार उम्मीदवार



मुकेश पोपली
व्यंग्यकार

बहुत छोटी उम्र में यह तो मालूम हो ही गया था कि चुनाव के दौरान खड़े होने वाले उम्मीदवारों में बड़ी पार्टी हो या छोटी पार्टी, टिकट उसी को मिलता है जो चुनाव जीतने का दम रखता हो। बीकानेर में स्टेशन रोड पर स्थित हमारी दुकान पर स्कूल से आते-जाते मैं अक्सर कुछ देर के लिए रुक जाता था। चुनावों के दिनों में बाजार में बड़ी गहमा-गहमी रहती थी और शोर-शराबा भी बहुत होता था।

लाउड स्पीकर लगे हुए तांगों पर एनाउंसर महोदय को 'कूड़ो-कूड़ो' कहकर लोग छेड़ते भी थे। दुकान के ठीक सामने ऊपर वाली बिल्डिंग में एक चुनाव कार्यालय भी खुला हुआ रहता था। 'भाइयो और बहनो, गरीबी और महंगाई से लड़ने के लिए, पानी, बिजली, सड़कों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए, देश की अमन-शांति के लिए आप अपना कीमती वोट... को दीजिए। जी हां, आप सबके सुख-दुख में साथ निभाने वाले, ईमानदार, कर्मठ, सुयोग्य और आप सबके चहेते उम्मीदवार का चुनाव चिह्न है– घोड़ा। घोड़े पर अपनी मुहर लगाकर भारी मतों से इन्हें विजयी बनाएं।

याद रखिए– घोड़ा!, घोड़ा!! घोड़ा!!!' यह उम्मीदवार निर्दलीय थे, लेकिन अपनी ईमानदार छवि और समाज में लोकप्रियता के कारण उस समय अपनी जमानत बचा गए। वैसे तो हर नेता कहने को आपके सुख-दुख में साथ निभाने वाला ही होता है। वो बात अलग है कि अधिकांश नेता पांच साल में केवल दो बार अपनी शक्ल दिखाते हैं, एक बार तो तब जब वोट चाहिए और दूसरी बार तब जब चुनाव जीत लिया जाता है, चाहे आपके वोट से, चाहे नोट से, चाहे सुरा से और चाहे किसी भी खोट से। इसलिए मेरा यह मानना है कि वोट डालने और नहीं डालने से भी मतदाता को न तो कोई लाभ है और न हानि। लेकिन, केवल हानि-लाभ की गणना करने से देश नहीं चल सकता क्योंकि हमारा यह देश कोई दुकान नहीं है। हमारे देश में बहुत सी सरकारें, संस्थाएं, व्यापारिक प्रतिष्ठान, सरकारी कार्यालय, अस्पताल, विद्यालय आदि जगहों पर कुछ लोग वास्तव में ईमानदार हैं, जोकि जी-जान लगाकर अपना काम करते हैं और देश के प्रति अपने दायित्वों को निभाते हैं। इनके पास ऊपर की कमाई नहीं होती। इनका ह्रदय कभी इस बात के लिए नहीं मानता कि काम करने के बदले में किसी से रिश्वत मांगी जाए। हां, इन ईमानदारों के नाम पर कुछ बेईमान लोग रिश्वत जरूर मांग लेते हैं यह कहकर कि ऊपर भी देना होता है। जब वोट डालने की उम्र आई तो अपने आप पर गर्व भी हुआ कि अब हम भी अपनी पसंद का नेता चुन सकेंगे। हाथ जोड़ते हुए उम्मीदवारों ने कहा भी– 'आप तो युवा हैं, आपके कई सपने हैं, आपके सपनों को हम पूरा करेंगे, हम जानते हैं कि आपने कितनी मेहनत से शिक्षा प्राप्त की है, हम आपसे वादा करते हैं कि रोजगार दिलवाने में हम आपकी पूरी सहायता करेंगे, जहां भी हमारी सिफारिश की आवश्यकता हो, हमें बताइएगा। हमारी सरकार, हमारी पार्टी के सभी नेता आप जैसे युवाओं के सहारे इस देश को आगे ले जाने की कसम खा चुके हैं। आपके एक वोट से ईमानदारी की मिसाल कायम होती है। आप यकीन करें कि आपके सभी सपने हमारी ही पार्टी पूरा कर सकती है, हमें पूरी उम्मीद है कि आपका वोट हमारे कर्मठ, ईमानदार, आप सभी के प्रिय साथी और हमारी पार्टी के उम्मीदवार श्रीश्री को ही मिलेगा। जय भारत, जय हिंद।' खैर, वक्त गुजरता गया और नेता बदलते गए। सरकारें बदलती गई लेकिन अभी भी झूठ बोल-बोलकर उन्हें शांति नहीं मिली है और न ही हमें सुकून।

इसलिए जरूरी बात ये है कि यदि देश को बदलना है तो चुनावों की परिभाषा भी बदलनी पड़ेगी। सभी पार्टियों को अपने भीतर झांकना होंगा, कुछ पाबंदियां भी लगानी पड़ेंगी जिसमें उम्मीदवार की आयु और शिक्षा महत्वपूर्ण है। यदि सार्थक कदम उठाए जाते हैं और फिर चुनाव में उतरा जाता है तब तो इस देश की जनता से वोट मांगने का अधिकार बनता है, वरना लोकतंत्र अभी बहुत दूर है।



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
इंडी गठबंधन में शामिल दल विरासत और विकास के कितने विरोधी हैं, इसके एक नहीं अनेक उदाहरण हैं...



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
सपने नही हकीकत बुनते हैं तभी तो सब मोदी जी को चुनते है...


## नॉलेज कॉर्नर: दुनियाभर में मशहूर हैं इस किले की मजबूती के किस्से

# इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज कुंभलगढ़ फोर्ट

राजस्थान अपनी खूबसूरती और अनूठी परंपराओं के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। यहां कई ऐसे दार्शनिक स्थल हैं, जिनकी खूबसूरती से रूबरू होने से देश ही नहीं, विदेश से भी लोग यहां आते हैं। इस राज्य में कई सारे किले और महल भी मौजूद हैं, जो राजस्थान की शान में चार चांद लगाते हैं। कुंभलगढ़ किला इन्हीं में से एक है, जिसकी खूबसूरती को निहारने लोग दूर-दूर से यहां आते हैं। यह किला जितना शानदार है, उतना ही शानदार इसका इतिहास है। आज के नॉलेज कॉर्नर में विस्तार से जानते हैं विश्व प्रसिद्ध राजस्थान के इस कुंभलगढ़ किले के सुनहरे इतिहास के बारे में...

### कुंभलगढ़ किले का इतिहास

कुंभलगढ़ किला अपनी विशाल दीवारों के लिए जाना जाता है। 36 किलोमीटर तक फैली इसकी दीवारें चीन की ग्रेट वॉल के बाद दुनिया की दूसरी सबसे लंबी दीवार मानी जाती है। यही कारण है कि इस किले की दीवार को अक्सर भारत की लंबी दीवार के रूप में जाना जाता है। राजस्थान के राजसमंद जिले में स्थित यह शानदार किला अरावली पहाड़ों की पश्चिमी श्रृंखला पर उदयपुर से लगभग 84 किमी दूर है। इस किले को 15वीं शताब्दी में मेवाड़ क्षेत्र के शासक राणा कुंभा द्वारा बनवाया गया था।



### किले में मौजूद 7 द्वार

इस विशाल किले में प्रवेश करने के लिए सात गढ़वाले प्रवेश द्वार बनाए गए थे। इन सातों दरवाजों का नाम अरेट पोल, हनुमान पोल, राम पोल, विजय पोल, निंबू पोल, पाघरा पोल और टॉप खाना पोल है। इसके अलावा आप इसके अंदर बादल महल भी देख सकते हैं। यह महल किले के सबसे ऊंचे स्थान पर मौजूद है, जहां से आसपास के ग्रामीण इलाकों और बादलों का मनमोहक दृश्य नजर आता है। इसी वजह से इसे बादल महल कहा जाता है। साथ ही इस किले के परिसर में 360 से अधिक मंदिर भी मौजूद हैं, जिनमें सबसे प्रसिद्ध श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर है।

### अभेद्य किलों में से एक

*अपनी मजबूत सुरक्षा और पृथक स्थान के कारण कुंभलगढ़ किले को भारत के सबसे अभेद्य किलों में से एक माना जाता था। इस किले को मेवाड़ किले के नाम से भी जाना जाता है। यह स्थान महान राजपूत राजा महाराणा प्रताप का जन्मस्थान था। इस किले की हर चीज दुश्मन से बचने के लिए बनाई गई थी।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

**समाजवादी पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी:** देश में पीडीए सरकार बनाने का आह्वान

# जातिगत जनगणना और MSP का वादा, यूपी में बड़ी जीत की उम्मीद

**एजेंसी** | लखनऊ

समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बुधवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। इसमें जातिगत जनगणना कराने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने समेत अनेक वादे किए गए हैं।

20 पन्नों के घोषणा पत्र में इस बार पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) सरकार का आह्वान किया गया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यहां पार्टी राज्य मुख्यालय पर घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि पार्टी के इस दृष्टि पत्र को 'जनता का मांग पत्र, हमारा अधिकार' नाम दिया गया है।

उन्होंने कहा, हम अपने इस विजन डॉक्यूमेंट (दृष्टि पत्र) के साथ जनता के बीच जा रहे हैं और हमें उम्मीद है कि जनता समाजवादियों का और गठबंधन का समर्थन करेगी तथा उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक जीत के साथ विपक्षी गठबंधन इंडिया सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा।





### भाजपा नहीं देना चाहती आरक्षण

अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश का हाल खराब है। भाजपा सरकार आरक्षण नहीं देना चाहती, इसीलिए नौकरी नहीं देना चाहती। भाजपा ने प्रदेश में जान बूझकर कर पेपर लीक कराए हैं। गरीबों तक आने वाला राशन घटिया है। पौष्टिक भोजन नहीं मिल रहा।

### सपा ने ये किए हैं अहम वादे

घोषणा पत्र में लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर जातिवार जनगणना कराए जाने और इसके आधार पर 2029 तक सबको न्याय और हिस्सेदारी सुनिश्चित करने, वर्ष 2025 तक अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़े वर्ग के सभी सरकारी रिक्त पदों पर भर्ती करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, निजी क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने और 2029 तक गरीबी का पूरी तरह से खात्मा करने का वादा किया गया है। इस विजन डॉक्यूमेंट में मुख्य मांगों में- संविधान की रक्षा का अधिकार, रक्षा का अधिकार लोकतंत्र, मीडिया की स्वतंत्रता का अधिकार और सामाजिक न्याय का अधिकार, देश के विकास के लिए सामाजिक न्याय का अधिकार शामिल हैं। जातीय जनगणना के बिना देश का समावेशी विकास संभव नहीं है।

### मनरेगा मजदूरों को 450 देने का वादा

अखिलेश यादव ने कहा कि मनरेगा मजदूरों को 450 रुपए दिए जाएगें। उन्होंने कहा कि युवा बेरोजगार हैं। बेरोजगारी 80 फीसदी तक पहुंच गई है। गांव में 90 फीसदी तक बेरोजगारी है। अखिलेश यादव ने कहा कि देश की सीमाएं असुरक्षित होती जा रही हैं। भारत के कुछ हिस्से में सीमा सिकुड़ रही है। अग्निवीर सोची समझी रणनीति है। अग्निवीर नीति को समाप्त किया जाएगा।

### ये हैं प्रमुख वादे

- लड़कियों के लिए केजी से पीजी तक मिलेगी फ्री शिक्षा
- युवाओं के लिए लैपटॉप वितरण योजना पूरे देश में लागू करेंगे
- पुलिस समेत सभी सरकारी विभागों की नौकरियों में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण देने का वादा
- खाली सरकारी पद भरने का वादा। सभी के लिए राष्ट्रीय रोजगार नीति और मिशन रोजगार स्थापित होगा।

### भाजपा ने किया मजबूत बुनियादी ढांचे का वादा

**ईटानगर।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 19 अप्रैल को अरुणाचल प्रदेश में एक साथ होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए बुधवार को पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया इसमें मजबूत बुनियादी ढांचे, महिला सशक्तीकरण, रोजगार और जवाबदेह शासन के निर्माण का वादा किया गया है। इस अवसर पर नड्डा ने कहा कि जो क्षेत्र पूरी तरह से उग्रवाद और हत्याओं और बंद संस्कृति के लिए जाना जाता था, वो अब विकास की राह पर चल पड़ा है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों से तेजी से प्रगति हुई है। पूर्वोत्तर में 2014 के बाद से ही बड़ा बदलाव आया। यह क्षेत्र अब प्रगति, विकास और समृद्धि के लिए पहचान बनाने लगा है। केंद्र की भाजपा सरकार बिजली, पर्यटन, इंटरनेट, कनेक्टिविटी, कृषि और खेल समेत कई क्षेत्रों में पूर्वोत्तर राज्यों के विकास के लिए काम कर रही है।

### राजीव चंद्रशेखर ने थरूर को भेजा कानूनी नोटिस

**नई दिल्ली।** तिरुवनंतपुरम से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर ने इसी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी शशि थरूर को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। अपने नोटिस में, राजीव चंद्रशेखर ने थरूर पर गलत जानकारी प्रसारित करने, प्रमुख मतदाताओं और पैरिश पुजारियों जैसे प्रभावशाली लोगों को रिश्वत देने के बारे भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने नोटिस में कहा है कि थरूर अपने बयान वापस लें और सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा इसके लिए उन्हें कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। नोटिस में यह भी कहा गया है कि थरूर ने ये बयान राजीव चन्द्रशेखर को नुकसान पहुंचाने के इरादे से दिए हैं।

**पीएम मोदी ने तमिलनाडु** व महाराष्ट्र में चुनाव सभाओं को किया संबोधित

# द्रमुक-कांग्रेस पर प्रहार, कहा-झूठ बोलकर चाहती हैं सत्ता में वापसी

**एजेंसी** | चेन्नई

दक्षिण भारत में चमत्कारिक चुनाव परिणामों की उम्मीद लगाए बैठी भाजपा ने तमिलनाडु में अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के वेल्लोर और मेट्टुपालयम में जनसभाओं को संबोधित किया और राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक व कांग्रेस पर जमकर प्रहार किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक जैसी परिवार पार्टियां झूठ बोलकर सत्ता में बने रहना चाहती हैं। कांग्रेस ने इतने दिनों तक गरीबी हटाओ को नारा दिया, लेकिन गरीबी नहीं हटी, पर राजग सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। उन्होंने कच्चातिवु के मुद्दे को लेकर भी विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लिए एक विकसित भारत का नेतृत्व करने का समय है, लेकिन द्रमुक तमिलनाडु को पुरानी सोच में, पुरानी राजनीति में फंसाकर रखना चाहती है।

पूरी द्रमुक एक परिवार की कंपनी बनकर रह गई है। द्रमुक की पारिवारिक राजनीतिक की वजह से तमिलनाडु के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है। द्रमुक से चुनाव लड़ने और आगे बढ़ने के लिए तीन मुख्य मानदंड हैं।




### DMK ने नफरत व विभाजन की राजनीति की

पीएम मोदी ने कहा कि आज देख रहा हूं पूरे तमिलनाडु में भाजपा छाई हुई है। हर कोई कह रहा है कि डीएमके की विदाई और भाजपा और राजग की वापसी होगी। डीएमके ने राज्य में हमेशा नफरत और विभाजन की राजनीति की है। डीएमके ने कभी भी तमिलनाडु के विकास पर ध्यान नहीं दिया है, लेकिन वह विश्वास दिलाते हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में एनडीए सरकार नीलगिरी के विकास के लिए और अधिक मजबूती से काम करेगी।

### कांग्रेस के राज में होता था राज्यों के साथ भेदभाव

पीएम मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो राज्यों के साथ भेदभाव किया जाता था। कौन सी पार्टी सत्ता में है और कौन सी पार्टी सत्ता में नहीं है, इसके आधार पर फैसले लिए जाते थे। लेकिन राजग सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के साथ काम कर रही है। विकसित भारत के लिए विकसित तमिलनाडु जरूरी है। इसलिए पिछले 10 वर्षों में तमिलनाडु के विकास के लिए लाखों-करोड़ों रुपए केंद्र सरकार ने निवेश किए हैं और खर्च किए हैं।

### हिंदू धर्म की शक्ति को खत्म करना चाहता है विपक्षी गठबंधन

नागपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के बाद महाराष्ट्र के रामटेक में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता हिंदू धर्म की 'शक्ति' को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने जनता से सवाल किया कि क्या आप इस इस गठबंधन को महाराष्ट्र में एक भी सीट जीतने देंगे? उन्होंने लोगों से कहा कि विपक्ष को दंडित करना जरूरी है। आज भी वे एक समुदाय को दूसरे समुदाय से लड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। उन्होंने कहा कि हमारा रामटेक वह स्थान है, जहां स्वयं भगवान श्रीराम की चरणरज पड़ी थी।

### झूठ फैला रहे हैं विपक्षी नेता

उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन के नेता झूठ फैला रहे हैं कि अगर मोदी सरकार में लौटे तो लोकतंत्र और संविधान खतरे में पड़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं जब से राजनीति में आया हूं, तब से एक भी चुनाव ऐसा नहीं बीता जब विपक्षी नेताओं ने यह झूठ न फैलाया हो। उन्होंने सवाल पूछा कि क्या आपातकाल के दौरान लोकतंत्र खतरे में नहीं था? अब एक गरीब के बेटे के प्रधानमंत्री बनने के बाद, विपक्ष को लोकतंत्र खतरे में दिखाई देने लगा है। उन्होंने आरोप लगया कि इंडी गठबंधन के नेता लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि अगर लोग एकजुट हो गए तो उनकी राजनीति खत्म हो जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि संविधान के नाम झूठ फैलाने वाले लोगों ने बाबा साहेब के संविधान को पूरे देश में लागू क्यों नहीं किया? कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को क्यों नहीं हटाया। हमने 370 हटाया तो कांग्रेस के अध्यक्ष कहते हैं राजस्थान में क्या फायदा?370 हटने से संवैधानिक अधिकार मिला है।

**बंगाल में चुनाव** सभा में गरजे अमित शाह

# सीएम ममता बनर्जी नहीं, सिर्फ BJP ही रोक सकती है घुसपैठ

**एजेंसी** | बालुरघाट(पश्चिम बंगाल)

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बनर्जी बंगाल में घुसपैठ कभी नहीं रोक सकतीं, क्योंकि ये घुसपैठिए उनका वोट बैंक हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ही बंगाल में घुसपैठ रोक सकती है। हमने असम में घुसपैठ रोकी।

अमित शाह बुधवार को दक्षिण दिनाजपुर के बालुरघाट में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। यहां से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार चुनाव लड़ रहे हैं। शाह ने कहा, मैं आपको मोदी गारंटी देने आया हूं कि हमें 30 सीटों से अधिक दें और बंगाल में भाजपा की सरकार बनाओ, हम घुसपैठ रोक देंगे। शाह ने सीएम ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा, 'ममता दीदी, आप तो महिला मुख्यमंत्री हैं, फिर भी संदेशखाली जैसी शर्मनाक घटना पर आप राजनीति कर रही हैं। वर्षों तक, आपकी नाक के नीचे अत्याचार होता रहा।



### सीएए को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप

उन्होंने कहा, 'हमने सीएए का कानून पारित किया है। ममता दीदी बंगाल के लोगों को गुमराह कर रही हैं। ये कह रही हैं कि अगर आपने एप्लीकेशन दिया तो आपकी नागरिकता चली जाएगी। मैं आज आपसे कहने आया हूं, बिना डरे जितने भी शरणार्थी हैं, आवेदन करें, सभी को नागरिकता दी जाएगी। शाह ने कहा, आप (ममता बनर्जी) चाहे जितना भी विरोध करें, हम सभी शरणार्थियों को नागरिकता देंगे। ये हमारा वादा है।

**आयुष्मान योजना को नहीं कर रहे लागू:** शाह ने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ममता दीदी ने यहां आयुष्मान योजना को लागू ही नहीं किया है।

**पृथ्वीराज चव्हाण** को लेकर चर्चा पर लगा विराम

# शरद पवार की पार्टी के दो और प्रत्याशी घोषित, व्यूह रचना तेज

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी के बीच सीट शेयरिंग तय होने के बाद अब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने दो और प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने सतारा लोकसभा सीट के लिए विधान परिषद सदस्य शशिकांत शिंदे और रावेर संसदीय क्षेत्र के लिए श्रीराम पाटिल को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। एमवीए में हुए सीटों के समझौते के तहत एनसीपी (एसपी) को 10 सीटें मिली हैं। पार्टी ने नौ सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। उसे अब माढा लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा करनी है।

सूत्रों के अनुसार सतारा के मौजूदा सांसद श्रीनिवास पाटिल द्वारा स्वास्थ्य कारणों से दोबारा चुनाव लड़ने से इनकार करने के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के नाम पर चर्चा हो रही थी। चव्हाण ने शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन ने अभी तक सतारा से अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। इस गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, बीजेपी और अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि पृथ्वीराज चव्हाण के माता-पिता आनंदराव और प्रेमला चव्हाण भी कराड निर्वाचन क्षेत्र से सांसद रहे थे। कराड सीट का अस्तित्व 2009 के परिसीमन के बाद समाप्त हो गया क्योंकि इसके कुछ हिस्सों को सतारा और सांगली के संसदीय क्षेत्रों में मिला दिया गया।

## संजय राउत ने राजठाकरे पर साधा निशाना

**मुंबई।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने बुधवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधा। राउत ने कहा कि जब महाराष्ट्र के गौरव की रक्षा के लिए बना एक संगठन अपने 'दुश्मनों' का समर्थन करता है तो लोगों के मन में संदेह पैदा होता है। राउत की यह टिप्पणी राज ठाकरे की ओर से राज्य में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गठबंधन 'महायुति' को बिना शर्त समर्थन देने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साथ देने की घोषणा के एक दिन बाद आई है।

**राहुल का** भाजपा पर पलटवार

# झूठ के पुलिंदे से नहीं बदलेगा इतिहास

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र को निशाना बनाने संबंधी भाजपा की टिप्पणी पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की झलक देखने वाली भाजपा यह जान ले कि विभिन्न राजनीतिक मंचों से बार-बार झूठ बोलने से इतिहास नहीं बदलेगा। राहुल गांधी ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इतिहास गवाह है कि कौन देशभक्त था और किसने गद्दारी की है।



भाजपा का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। एकतरफ कांग्रेस है जिसने हमेशा भारत को एकजुट रखा है और दूसरी तरफ वह हैं जो हमेशा लोगों को बांटने की कोशिश करते हैं। इतिहास गवाह है कि किसने देश को बांटने वाली ताकतों से हाथ मिला लिया था और किसने देश की एकता और स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी।

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कौन अंग्रेजों के खिलाफ खड़ा हुआ। जब कांग्रेस नेताओं से जेलों को भरा जा रहा था तो राज्यों में चल रही सरकारों को किन ताकतों ने देश को बांटने के लिए प्रेरित किया? राहुल गांधी ने यह पलटवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बार-बार के हमलों के हमलों के बाद किया है। मोदी ने कहा था कि कांग्रेस का घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। कांग्रेस ने इसके बाद इस संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है।


**भाजपा ने किरण खेर व रीता बहुगुणा जोशी का टिकट काटा**

# यूपी में भाजपा की व्यूह रचना, SP का गढ़ भेदने के लिए जयवीर मैदान में

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ लखनऊ।

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार को अपने 9 और प्रत्याशियों की सूची जारी की। सूची में चंडीगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश की सात और पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। चंडीगढ़ से मौजूदा सांसद किरण खेर और उत्तर प्रदेश की प्रयागराज(इलाहबाद) सीट से रीता बहुगुणा जोशी का टिकट का काट दिया है। वहीं पार्टी ने समाजवादी पार्टी के गढ़ मैनपुरी को भेदने के लिए राज्य के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को टिकट दिया है। मैनपुरी लोकसभा सीट समाजवादी पार्टी और दिग्गज नेता दिवंगत मुलायम सिंह यादव का गढ़ रही है। मुलायम सिंह के निधन के बाद मैनपुरी सीट के लिए हुए उपचुनाव में डिम्पल यादव ने जीत दर्ज की थी। जयवीर अभी मैनपुरी सदर विधानसभा सीट से विधायक हैं। इस सीट पर उन्होंने भाजपा का कमल खिलाया था। भाजपा ने प्रयागराज जिले की दोनों सीटों से उम्मीदवार बदल दिए हैं। इलाहाबाद सीट से नीरज त्रिपाठी को मौका दिया गया है। नीरज भाजपा के दिग्गज नेता रहे केशरी नाथ त्रिपाठी के बेटे हैं। केशरी नाथ पूर्व राज्यपाल और यूपी विधानसभा के अध्यक्ष रहे थे। जिले की फूलपुर लोकसभा सीट से प्रवीण पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। प्रवीण अभी फूलपुर से विधायक हैं।

### बलिया से पूर्व पीएम चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर व इलाहबाद सीट से केशरीनाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को टिकट









### अफजाल अंसारी के खिलाफ पारसनाथ राय

माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी की मौत के बाद खासतौर पर चर्चा में आई गाजीपुर सीट से भाजपा ने पारसनाथ राय को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां समाजवादी पार्टी के टिकट पर अफजाल अंसारी चुनाव मैदान में हैं। गत दिनों सपा प्रमुख अखिलेश यादव मुख्तार अंसारी के परिजनों से मिलने उनके घगए थे।

### संघमित्रा मौर्य को नहीं मिला टिकट

भाजपा की इस सूची की घोषणा के साथ ही बदायूं से सांसद संघमित्रा मौर्य को टिकट मैनपुरी से टिकट दिए जाने के कयासों पर भी विराम लग गया है। पहले अटकलें थी कि भाजपा संघमित्रा मौर्य को मैनपुरी से डिंपल यादव के खिलाफ प्रत्याशी घोषित कर सकती है। लेकिन संघमित्रा को यहां भी निराशा ही हाथ लगी है।

### चंडीगढ़ से संजय टंडन, आसनसोल से अहलूवालिया को मैदान में उतारा

भाजपा ने चंडीगढ़ की प्रतिष्ठित सीट से किरण खेर की जगह संजय टंडन पर भरोसा जताया है। टंडन चंडीगढ़ भाजपा के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके अलावा आसनसोल से पूर्व केंद्रीय मंत्री एसएस अहलूवालिया को उम्मीदवार बनाया गया है। यहां से पहले पार्टी ने भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को टिकट दिया था। टिकट मिलने के 24 घंटे के अंदर ही पवन सिंह ने चुनावी मैदान से कदम पीछे खींच लिए थे।

## जरूरी खबर

### मालदीव के राष्ट्रपति को PM मोदी ने दी ईद की बधाई



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, उनकी सरकार और द्वीप राष्ट्र के लोगों को ईद की बधाई दी। साथ ही सभ्यतागत संबंधों पर जोर दिया, जो अतीत से चले आ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए पीएम मोदी ने लिखा, जैसा कि हम पारंपरिक उत्साह के साथ ईद-उल-फितर मनाते है, दुनियाभर के लोगों को करुणा, भाईचारे और एकजुटता के मूल्यों की याद आती है, जो एक शांतिपूर्ण और समावेशी दुनिया के निर्माण के लिए आवश्यक है, जिसकी हम सभी इच्छा रखते हैं। भारतीय उच्चायोग ने लिखा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू, सरकार और देश के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी।

### एलन मस्क आएंगे भारत, पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली**। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क इस महीने के आखिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए भारत आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार , मस्क की यह यात्रा संभावित रूप से टेस्ला के निवेश योजनाओं और देश में एक नया कारखाना खोलने की घोषणा के साथ होगी। मस्क संभवतः 22 अप्रैल को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। उम्मीद है कि वह अपनी भारत यात्रा के दौरान टेस्ला की भारत के लिए योजनाओं के बारे में ब्योरा देंगे। मस्क के अंतिम कार्यक्रम की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

### ख्यातनाम सारंगी वादक मामन खां का निधन



**हिसार (हरियाणा)**। राष्ट्रपति सम्मान से विभूषित प्रख्यात सारंगी वादक 85 वर्षीय मामन खां का बुधवार को निधन हो गया। उन्होंने हिसार के उपमंडल बरवाला के अपने पैतृक गांव खरक पूनिया में अंतिम सांस ली। मामन खां ने 9 बरस की उम्र से ही सारंगी को अपना साथी बना लिया था। विभिन्न कार्यक्रमों में वे अपने दादा के साथ सारंगी वादन के लिए जाते थे। उन्होंने फिल्म ट्रेन टू पाकिस्तान में सारंगी की धुन दी थी। उन्हें हरियाणा सरकार द्वारा सरस्वती सम्मान व आकाशवाणी द्वारा कला रतन से सम्मानित किया गया था।

## मैत्री यात्रा...ब्रुनेई में योग



*नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल के प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र पहरेदार ने आसियान देशों की अपनी यात्रा के तहत मंगलवार को ब्रुनेई के मुआरा बंदरगाह पहुंचा। तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, पोत पर सवार दल समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया, समुद्री खोज और बचाव और समुद्री कानून प्रवर्तन पर ब्रुनेई के समकक्षों के साथ चर्चा करेगा। मुआरा बंदरगाह में पोत पर सवार दल ने योग की प्रस्तुति दी।*

## कई देशों में रक्षा राजनयिक नियुक्त करेगा भारत

**नई दिल्ली**। पहली बार प्रमुख क्षेत्रों के साथ भारत रणनीतिक संबंधों का विस्तार करने की अपनी व्यापक नीति पहले के तहत इथियोपिया, मोजाम्बिक, आइवरी कोस्ट, फिलीपींस, आर्मेनिया और पोलैंड समेत कई देशों में रक्षा राजनयिक नियुक्त करेगा। यह कदम नए भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच आया है। विशेषज्ञों की मुताबिक, अफ्रीकी देशों में रक्षा राजनयिकों की नियुक्ति करने का फैसला अफ्रीकी महाद्वीप के साथ रणनीतिक भागीदारी का विस्तार करने की भारत की प्राथमिकताओं के अनुरूप है। कई अफ्रीकी देशों ने पहले ही भारतीय सैन्य प्लेटफार्मों, उपकरणों और हार्डवेयर की खरीद में रुचि दिखाई है। भारत ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों, विशेष रूप से अफ्रीकी महाद्वीप की चिंताओं, चुनौतियों और आकांक्षाओं को उजागर करते हुए खुद को एक अग्रणी आवाज के रूप में स्थापित कर रहा है। भारत मास्को में अपने दूतावास और लंदन में उच्चायोग में सैन्य अधिकारियों की टीमों की संख्या को तर्कसंगत बनाने की योजना बना रहा है।

### अरविंद केजरीवाल को एक और झटका, बढ़ी मुसीबत

# दिल्ली: मंत्री राजकुमार आनंद ने इस्तीफा दिया, 'आप' भी छोड़ी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सियासी और कानूनी चुनौतियों से जूझ रहे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बुधवार को उस समय बड़ा झटका लगा, जब उनकी सरकार के एक मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार आनंद ने मंत्री पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। आनंद समाज कल्याण मंत्रालय संभाल रहे थे।

आनंद दिल्ली सरकार के पहले मंत्री हैं जिन्होंने केजरीवाल की गिरफ्तारी और शराब घोटाले मामले में लगे आरोपों के बाद अपने पद से इस्तीफा दिया है। ज्ञात रहे कि केजरीवाल फिलहाल दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद से तिहाड़ जेल में हैं। आनंद





ने कहा कि आम आदमी पार्टी में दलित विधायकों या पार्षदों का कोई सम्मान नहीं होता है। दलितों को प्रमुख पदों पर जगह नहीं दी जाती है।

मैं बाबा साहब अंबेडकर के सिद्धांत पर चलने वाला व्यक्ति हूं अगर दलितों के लिए ही काम नहीं कर पाया तो फिर पार्टी में रहने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली सरकार में मंत्री हूं, मेरे पास सात विभाग हैं। मैं बहुत व्यथित हूं, इसलिए दुख साझा करने आया हूं। आज यह पार्टी ख़ुद भ्रष्टाचार के दलदल में फंस चुकी है। मेरे लिए मंत्री पद पर रह कर इस सरकार में काम करना असहज हो गया है। उन्होंने कहा, मैं इस पार्टी, सरकार और अपने मंत्री पद से इस्तीफ़ा दे रहा हूं, क्योंकि मैं इन भ्रष्ट आचरणों में अपना नाम नहीं करवाना चाहता।

### आनंद ने लगाए कई आरोप

आनंद ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने पे बैक टू सोसाइटी का मंत्र दिया था, उसी की वजह से व्यापारी होते हुए भी मैं पहले एनजीओ में आया, फिर ना जन प्रतिनिधि बना फिर मंत्री बना ताकि लोगों की सेवा हो। इसी वजह से मैं आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के साथ खड़ा हुआ, जो बाबा साहब के आदर्शों पर चलने की बात करते हैं, बाबा साहब की फोटो हर प्रेस कॉन्फ्रेंस, हर सरकारी दफ्तर पर लगाते हैं लेकिन केवल बात ही होती है।

### आप ने साधा केंद्र पर निशाना

इस बीच, आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। संजय सिंह ने कहा, हमने पहले दिन से एक ही बात कही कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के पीछे आम आदमी पार्टी को तोड़ने की मंशा है। आम आदमी पार्टी की एक-एक मंत्री विधायक की परीक्षा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा,हम जानते हैं कुछ लोग इस लड़ाई में पीछे हटेंगे। कुछ का मनोबल कमजोर होगा।

### खरगे ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

## सैनिक स्कूल: निजीकरण को वापस लिया जाए

**एजेंसी** | नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि सैनिक स्कूलों के 'निजीकरण' संबंधी किसी भी कदम को वापस लिया जाए और इस नीति को रद्द किया जाए।

उन्होंने दावा किया कि सशस्त्र बलों एवं उससे संबंधित संस्थाओं को हमेशा राजनीतिक विचारधाराओं की छाया से दूर रखा गया, लेकिन अब इसके उलट प्रयास हो रहा है। खरगे ने पत्र में कहा, मैं आपके ध्यान में एक आरटीआई (सूचना के अधिकार) उत्तर पर आधारित एक जांच रिपोर्ट को लाना चाहता हूं, जिसमें बताया गया है कि नए पीपीपी मॉडल का उपयोग करके सैनिक स्कूलों का निजीकरण किया जा रहा है।

सरकार ने अब तक ऐसे 40 सैनिक स्कूलों को खोलने को लेकर निजी लोगों के साथ व संस्थाओं के साथ एमओयू किया है।

### भाजपा-संघ से जुड़े लोगों के साथ एमओयू का आरोप

खरगे ने दावा किया कि इनमें से 62 फीसदी से अधिक एमओयू भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोगों के साथ किए गए है। इनमें मुख्य मंत्रियों के परिवार, कई विधायक, भाजपा व आरएसएस पदाधिकारी शामिल है। उन्होंने सरकार के इस कदम को सैन्य बलों के भीतर एक विचारधारा को थोपने की कोशिश बताया है। साथ ही कहा है कि सैन्य बलों को किसी राजनीतिक सोच या विचारधारा से दूर रखने की जरूरत है।

### संदेशखाली मामले में हाई कोर्ट का आदेश

## महिलाओं के उत्पीड़न-जमीन पर कब्जे की होगी सीबीआई जांच

**एजेंसी** | कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हुए अत्याचार और जमीन कब्जाने के आरोपों की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है।

संदेशखाली में ईडी के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच भी सीबीआई द्वारा ही की जा रही है। संदेशखाली मामले में भी टीएमसी नेता शाहजहां शेख आरोपित है। हाईकोर्ट ने बुधवार



को अपने आदेश में कोर्ट की निगरानी में आरोपों की सीबीआई जांच का आदेश दिया। कोर्ट ने संदेशखाली में हिंसा के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह मामला बेहद शर्मनाक है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह हर नागरिक को सुरक्षा प्रदान करे।

### क्या है मामला

संदेशखाली में स्थानीय महिलाओं ने आरोप लगाए थे कि स्थानीय टीएमसी नेताओं ने जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर रखा है। कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर दुष्कर्म के गंभीर आरोप भी लगाए।

## अनिल अंबानी को झटका, DMRC को राहत

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट से दिग्गज कारोबारी अनिल अंबानी को बड़ा झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली मेट्रो से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को राहत दी है। उचचतम न्यायालय ने कहा कि वह 'दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड' को 8,000 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं है। डीएमआरसी को 2017 में यह आदेश सुनाया गया था। दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड' रिलाइंस इंफ्रास्ट्रक्चर की कंपनी है।

## विश्व होम्यापैथिक दिवस समारोह में राष्ट्रपति




*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को नई दिल्ली में विश्व होम्योपैथिक दिवस 2024 पर आयोजित एक समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को सम्मानित किया।*

### पीएम मोदी का न्यूजवीक के साथ साक्षात्कार

# भारत-चीन के रिश्ते अहम, लेकिन पहले सीमा विवाद हल करने की जरूरत

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और चीन के बीच सीमाओं पर तनाव के बीच उम्मीद जताई है कि द्विपक्षीय संबंधों के माध्यम से दोनों देश शांति बहाल करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध महत्वपूर्ण हैं लेकिन पहले सीमा विवाद को हल करने की जरूरत है।।

पीएम मोदी ने प्रसिद्ध पत्रिका न्यूजवीक के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कही हैं। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल हमारे दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए अहम



हैं। मुझे आशा और विश्वास है कि राजनयिक और सैन्य स्तरों पर सकारात्मक और रचनात्मक द्विपक्षीय जुड़ाव से हम अपनी सीमाओं पर शांति और स्थिरता बहाल करने और बनाए रखने में सक्षम होंगे। पाकिस्तान के रिशतें को लेकर उन्होंने कहा, मैंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को पद संभालने पर बधाई दी है।

भारत ने हमेशा अपने क्षेत्र में आतंक और हिंसा से मुक्त माहौल में शांति, सुरक्षा और समृद्धि को आगे बढ़ाने की वकालत की है। उन्होंने पाकिस्तान के आंतरिक मामलों (इमरान खान की कैद के बारे में) पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

न्यूजवीक की ओर से पीएम मोदी से उनके नेतृत्व में हुई भारत की आर्थिक प्रगति, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, पर्यावरण से जुड़े मामलों, चीन के साथ भारत के रिश्ते और कथित तौर पर प्रेस की स्वतंत्रता में कटौती किए जाने के अलावा मुसलमानों को साथ लेकर नहीं चलने जैसे आरोपों और आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर लिखित सवाल पूछे गए।

### वादे पूरे करने का शानदार ट्रैक रिकॉर्ड

पीएम मोदी ने कहा कि, हमारे पास अपने वादों को पूरा करने का शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है. यह लोगों के लिए बहुत बड़ी बात है, क्योंकि वे ऐसे वादे सुनने के आदी थे जो कभी पूरे नहीं होते थे। हमारी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के आदर्श वाक्य के साथ काम किया है। लोगों ने देखा है कि भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब देश की आकांक्षा है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने।

### लोकतंत्र हमारे जीन में

पीएम मोदी ने कहा कि, हम एक लोकतंत्र हैं, केवल इसलिए नहीं कि हमारे संविधान में ऐसा कहा गया है, बल्कि इसलिए भी कि यह हमारे जीन में है। भारत लोकतंत्र की जननी है। तमिलनाडु के उत्तरामेरूर में आप भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में 1100 से 1200 साल पुराने शिलालेख देख सकते हैं। उन्होंने कहा, भारत जैसा लोकतंत्र केवल इसलिए आगे बढ़ने और काम करने में सक्षम है क्योंकि वहां एक फीडबैक का एक जीवंत तंत्र है। हमारा मीडिया इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### अल्पसंख्यकों के साथ नहीं होता भेदभाव

पीएम मोदी ने कहा, केंद्र सरकार की किसी योजना में अल्पसंख्यकों को लेकर कोई भेदभाव नहीं किया जाता। चाहे वह घर, शौचालय, पानी का कनेक्शन या खाना पकाने के ईंधन जैसी सुविधाएं हों। केंद्र सरकार की योजनाएं समुदाय और धर्म की परवाह किए बिना हर नागरिक तक पहुंच रही हैं।

### देश में महिलाएं हो रही हैं सशक्त

पीएम मोदी ने इस दौरान अपनी सरकार की उन योजनाओं का जिक्र किया, जो खासतौर पर महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि 'नमो ड्रोन दीदी योजना' से महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रोन ऑपरेटर बनने में सक्षम बनाया जाता है। 'लखपति दीदी योजना' से स्वयं सहायता समूहों की 30 मिलियन महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

## फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर 2024-25 के उद्घाटन सत्र में पहुंचे अनिल कपूर

# मिस्टर इंडिया ने बग्घी पर मारी एंट्री

# 'वन टू का फोर' पर लगाए ठुमके

बेधड़क | जयपुर

*मिस्टर इंडिया के रूप में फेमस बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर बग्घी पर बैठकर कार्यक्रम में आए। एक्टर की शानदार एंट्री पर वहां मौजूद लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाते हुए वार्म वेलकम किया। मौका था भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंडल (फिक्की) महिला संगठन (फ्लो) जयपुर चैप्टर 2024-25 के उद्घाटन सत्र का। अनिल कपूर का स्वागत फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर 2024-25 के अध्यक्ष रघु श्री पोद्दार ने किया। कार्यक्रम में अनिल कपूर ने स्टेज पर वन टू का फोर गाने पर जमकर ठुमके लगाए। इस दौरान उन्होंने श्री देवी और उनके साथ की गई अपनी मूवी लम्हे को भी याद किया। इस दौरान अपनी एक्टिंग कैरिअर की जर्नी भी शेयर की, जिसमें उन्होंने बताया कि वे शुरू से ही एक्टर ही बनना चाहते थे। उन्होंने अपनी फिटनेस पर बात करने के साथ ही ऑडियंस को टिप्स भी दिए।*


फोटो: पंकज शर्मा

### दान वाहन का किया अनावरण

इस अवसर पर अभिनेता अनिल कपूर ने 'दान वाहन' का अनावरण भी किया। इसमें वस्त्र दान (कपड़ा दान) और अन्न दान (भोजन दान) की सामग्री उपलब्ध रहेगी। यह नवाचारी प्लेटफार्म ये वस्तुए उन जरूरतमंदों तक पहुंचाने का जरिया बनेगा, जिन तक ये नहीं पहुंच पाती हैं। जिन लोगों को वास्तव में ही इस सहायता की जरूरत है।



### समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई

इस अवसर पर चेयरपर्सन रघुश्री पोद्दार ने समाज सेवा और जन सेवा से जुड़े इस पुनीत कार्य में उपस्थित होने के लिए अभिनेता अनिल कपूर का आभार जाताया। इस दौरान उन्होंने फिक्की फ्लो जयपुर अध्याय 2024-25 की समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने, इसके समर्पण, सहयोग और दानशीलता के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर किया। फिक्की फ्लो जयपुर अध्याय 2024-25 के उद्घाटन सत्र में अनिल कपूर समामजिक कार्य करने के लए मोटिवेट किया और इस तरह के अभियान और कार्यो से जुड़ने की अपील की।



## दिखा जेकेके का सफरनामा



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र के स्थापना दिवस समारोह के कार्यक्रमों के अंतर्गत केंद्र की अलंकार और स्फटिक दीर्घा में प्रदर्शनी लगाई गई है। इनमें अलंकार दीर्घा में तस्वीरों के जरिए केन्द्र का सिंहावलोकन किया गया है, वहीं एचिंग प्रिंट भी प्रदर्शित किए गए हैं। स्फटिक दीर्घा में केन्द्र के कला संग्रह को प्रदर्शित किया गया है। अलंकार कला दीर्घा में 150 से अधिक फोटो एग्जीबिट की गई हैं, जिनमें तत्कालीन राष्ट्रपति पं. शंकर दयाल शर्मा की ओर से केन्द्र का उद्घाटन करने से लेकर आज तक का सफरनामा दर्शाया गया है। केन्द्र की ओर से आयोजित लोकरंग, बसंत पर्व, राजस्थान साहित्य उत्सव, वागेश्वरी समारोह समेत अन्य कार्यक्रमों की स्वर्णिम यादों को यहां संजोया गया है। केन्द्र और ड्राइंग एंड पेंटिंग डिपार्टमेंट, राजस्थान विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 2 से 8 अप्रैल तक लगाई गई एचिंग प्रिंट वर्कशॉप में 90 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। केन्द्र की ओर से प्रकाशित 'ट्रिस्ट विद ट्रेडिशन' किताब यहां उपलब्ध है। केन्द्र की ओर से आयोजित आर्ट कैंप में तैयार पेंटिंग्स पारंपरिक लघु चित्रण और राजस्थानी संस्कृति को दर्शा रही है।

## मंच से फ्यूचर में मारी सेंध

**बेधड़क. जयपुर।** अर्जुन नाट्य संस्था की ओर से रविन्द्र मंच के मुख्य सभागार में नाटक स्नेक ऑफ साइंस का मंचन हुआ, जिसका निर्देशन किया अनिल कुमार और मनीषा शेखावत ने। साइंस फिक्शन पर आधारित इस नाटक में वर्तमान में रहते हुए एक ही व्यक्ति के द्वारा भूत व भविष्य में जाकर अपनी परिस्थितियों को बदलते हुए बताया गया। सिनेमा का प्रयोग भी नाटक में बखूबी देखने को मिला। नाटक में अनिल कुमार, महेश शर्मा, राजकुमार, सादिक पटेल, योगी, सुमन, कुणाल नकवाल व राजीव ने अभिनय किया। रिकॉर्डेड संगीत मनीषा शेखावत व प्रकाश परिकल्पना अपूर्वा चतुर्वेदी की रही। मंच संचालन मोइन अयान के द्वारा किया गया। नाटक अंतरराष्ट्रीय रंग निर्देशक सिकंदर खान के मार्गदर्शन में तैयार किया गया।

## अविवा फुटबॉल क्लब जीता



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे मैचों की शृंखला में बुधवार को रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड में टीमों के बीच मुकाबला हुआ। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि आईएएसएल फुटबॉल क्लब और अविवा फुटबॉल क्लब के बीच मुकाबला हुआ। इसमें अविवा फुटबॉल क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच 5-0 से जीत लिया।

## City इवेंट्स

### नॉर्थ में करण जौहर करेंगे देवरा रिलीज



**बेधड़क. जयपुर।** जूनियर एनटीआर की मोस्ट अवेटेड फिल्म देवरा को लेकर नया अपडेट आया है। यह खबर फिल्म के डिस्ट्रीब्यूशन को लेकर के है। उत्तर भार में मूवी का डिस्ट्रीब्यूशन करण जौहर और एए फिल्म्स करेंगे। इसके लिए करण जारैहर ने एए फिल्म्स के थिएट्रिकल वितरण के लिए साझेदारी की है। देवरा जूनियर एनटीआर की सुपरहिट फिल्म आरआरआर के बाद दूसरी मूवी है जो हंदी में भी रिलीज हो रही है। ऐसे में मूवी को लेकर जूनियर एनटीआर के फैंस में जबरदस्त उत्साह है। देवरा में जूनियर एनटीआर लीड रोल में हैं और उनके अपोजिट बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर नजर आएंगी। सैफ अली खान इसमें विलन का किरदार निभा रहे हैं। कोरटाला शिवा के निर्देशन में बन रही यह फिल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### आयुष्मान अब करेंगे 'भूतियापा'

**बेधड़क. जयपुर।** डायरेक्टर अनीस बज्मी आयुष्मान खुराना के साथ एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म शुरू करने वाले हैं। मूवी का नाम भूतियापा बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इस की ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। फिलहाल अनीस बज्मी इन दिनों अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 पर काम कर रहे हैं। इसमें कार्तिक आर्यन के साथ विद्या बालन और तृप्ति डिमरी नजर आएंगी। इस फिल्म की शूटिंग के बाद अनीस बज्मी नो एंट्री 2 की शुटिंग करेंगे और उसके बाद भूतियापा पर काम शुरू करेंगे।

### गोरैया लाइव मिला यूए सर्टिफिकेट




**बेधड़क. जयपुर।** डायरेक्टर गेब्रियल वत्स की फिल्म '30 घंटे सर्वाइवल गौरैया लाइव' को सेंसर बोर्ड ने पास कर दिया है। मूवी को यूए सर्टिफिकेट मिला है। एक घंटा 51 मिनट की अवधि वाली गोरैया लाइव 12 अप्रैल को सिनेमाघरों में पहुंचेगी। मूवी को सीमा सैनी और गेब्रियल वत्स ने लिखा है और इसके प्रोड्यूर हैं राहुल रंगारे, डॉ. निशांत जैन, रोहित राज सिंह चौहान, राजीव जैन और तरुण शर्मा।

## वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे जागरूकता पखवाड़ा संपन्न

# मुख स्वास्थ्य और स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ दांत होना जरूरी



बेधड़क | जयपुर

वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे से शुरू हुए जागरूकता पखवाड़े का समापन बुधवार को हुआ। इस मौके पर इण्डियन डेंटल एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ दांत आवश्यक है।

उन्होंने कार्यक्रम के लिए आईडीए राजस्थान व जयपुर ग्रेटर शाखा की सराहना की। इस अवसर पर इण्डियन डेंटल एसोसिएशन राजस्थान के सचिव डॉ. जेएस वालिया ने बताया कि आम जन को मुख स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देने के लिए 10 अप्रैल तक आईडीए सदस्यों द्वारा स्वच्छ मुख अभियान में ओरल हाइजीन के लिए विशेष कैम्प आयोजित किए। आईडीए जयपुर ग्रेटर के सचिव डॉ. सुनील राघव ने बताया कि एफडीआई द्वारा WOHD 2024 की थीम 'ए हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी बॉडी' है । डॉ. प्रशांत भारद्वाज अध्यक्ष आईडीए जयपुर ग्रेटर शाखा ने बताया कि पहला कैम्प सिटी पार्क मानसरोवर में आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में मुख स्वास्थ्य की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में डॉ. धीरज गुप्ता, डॉ. पूजा गुप्ता ,डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. अंकुर कनोडिया, डॉ. गौरव पाल सिंह, डॉ. धवल गोयल, डॉ. हिमांशु शर्मा आदि का योगदान रहा।

## चातुर्मास के लिए श्रीफल किया भेंट

# संस्कार बच्चों में तब ही आएंगे जब बड़े इनका पालन करेंगे



बेधड़क | जयपुर

आचार्य वसुनंदी मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय वृषभानंद मुनिराज ससंघ का बुधवार को श्री दिगंबर जैन मंदिर डीसीएम अजमेर रोड से विहार होकर रात्रि विश्राम के लिए बड़ के बालाजी मंदिर में मंगल प्रवेश हुआ।

धर्म जागृति संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि मुनि संघ का विहार दिल्ली से अजमेर के लिए संघपति कुंदनजी रानू के नेतृत्व में चल रहा है। रास्ते में आमेर से पार्श्वनाथ मंदिर सोनियान में भव्य अगवानी के साथ रात्रि विश्राम के लिए प्रवेश हुआ।

यहां से बाद में बुधवार प्रातः डीसीएम जैन मंदिर में गाजे बाजे व जुलूस के साथ समाज के सदस्यों ने अगवानी की जो मंदिर में धर्म सभा में तब्दील हो गया। सभा में उपाध्याय ने समाज को बताया कि जैन धर्म के मात्र तीन नियम है-देव दर्शन, रात्रि भोजन त्याग व छना हुआ पानी। यह संस्कार बच्चों में तब ही आएंगे जब बड़े इनका पालन करेंगे। सभा में संघ को चातुर्मास के लिए श्री फल भेंट कर जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन समाज के प्रतिनिधियों ने निवेदन किया। जनकपुरी , थड़ी मार्केट, मीरा मार्ग, झोटवाड़ा आदि स्थानों के साधर्मी श्रावक बंधुओं ने मंगल विहार में सम्मिलित होकर धर्म प्रभावना कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

**सामाजिक सेवा पखवाड़ा** | आज खिलाएंगे गरीबों को खाना, परिंडे बांटेंगे

# गायों को चारा खिलाया और पक्षियों को डाला दाना

बेधड़क | जयपुर

युवा महासभा के सांगानेर जोन द्वारा बुधवार को पिंजरा पोल गौशाला सांगानेर में गायों को चारा एवं गुड़ खिलाकर गौ सेवा की गई। साथ ही पक्षियों को चुग्गा व दाना डालकर जीव दया का आयोजन किया गया।

महासभा के तत्वावधान में प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जन्म कल्याणक दिवस पर 3 अप्रैल से जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस 21 अप्रैल तक आयोजित किए जा रहे धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़े के अंतर्गत यह कार्य किया गया।



### इन्होंने दिखाई बेजुबानों पर दया

इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन, महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, सांगानेर संभाग के अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया, महामंत्री एडवोकेट महावीर सुरेंद्र जैन, सांगानेर जोन अध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र सोगानी, महामंत्री आशीष पाटनी, संयुक्त महामंत्री मनीष पाटनी, मंत्री प्रदीप वैद, उपाध्यक्ष सुरेश बिलाला, कोषाध्यक्ष अरविंद बिलाला, प्रतापनगर जोन अध्यक्ष पारस जैन, महामंत्री त्रिलोक जैन, सांगानेर ग्रामीण जोन के महामंत्री अमन जैन पत्रकार ,संयोजक प्रकाश लुहाडिया ,मनीष सोगानी, नितेश काला, अमित गोधा, पवन सेठी, महेंद्र सोगानी, सत्येंद्र सोगानी, संजू सोगानी, डॉक्टर कल्पना वैद ,अनुपम बिलाला, अर्चना सोगानी, नीलम सोगानी सहित कई महानुभव उपस्थित थे।

### आज यहां पर किए जाएंगे सेवा कार्य

युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक 11 अप्रैल को प्रतापनगर जोन द्वारा प्रातः 7:30 बजे गोपीनाथ हास्पिटल रोड पर केशव पार्क (बडा पार्क ) में जीव दया कार्यक्रम के तहत परिण्डे लगाये जाएंगे तथा निःशुल्क परिंडों का वितरण किया जाएगा। इसी दिन सायंकाल 6:00 बजे टोंक रोड - मानसरोवर सम्भाग के अधीनस्थ दुर्गापुरा जोन द्वारा त्रिवेणी नगर पुलिया के नीचे (बजरी मंडी ) पर जरूरतमंद एवं निर्धन लोगों को निःशुल्क भोजन करवाया जाएगा। जैन के मुताबिक धार्मिक एवं सामाजिक सेवा पखवाड़ा 21 अप्रैल तक चलेगा। इसके तहत सेवा के विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 11 अप्रैल, 2024





आपका मन आपके नियंत्रण में नहीं है, इससे बड़ी दुख की बात कुछ नहीं है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### राजशाही और हिंदू राष्ट्र की वापसी की मांग को लेकर प्रदर्शन

# नेपाल की सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल में राजशाही और हिंदू राष्ट्र की बहाली की मांग एक बार फिर तेज हो गई। राजधानी काठमांडू की सड़कों पर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे। इस दौरान उनकी पुलिस के साथ झड़प भी हुई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बांस-बल्लों, आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया। यह प्रदर्शन नेपाल की राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेतृत्व में हो रहा था। इस दौरान लोगों ने नारे लगाते हुए कहा कि हम अपने देश और राजा से अपनी जान से ज्यादा प्यार करते हैं। गणतंत्र को खत्म कर राजशाही की देश में वापसी होनी चाहिए।




### आरपीपी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन

आरपीपी ने यह विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल को अपना 40-सूत्रीय मांगों का चार्टर सौंपने के एक महीने बाद बुलाया गया था। राजशाही की बहाली और हिंदू राष्ट्र की बहाली के अभियान की घोषणा करते हुए आरपीपी ने एक बड़े विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। संभावित तनाव और हिंसा के मद्देनजर, नेपाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) सहित लगभग 7 हजार पुलिसकर्मियों को विरोध स्थल और उसके आसपास तैनात किया गया था।

### 2006 में समाप्त हुआ था राजशाही


2006 में नेपाल ने सदियों पुरानी संवैधानिक राजशाही को समाप्त कर दिया था। इसके बाद राजा ज्ञानेंद्र ने सत्ता पर कब्जा कर लिया और आपातकाल लगाकर सभी नेताओं को नजरबंद कर दिया था। इस आंदोलन को 'पीपुल्स मूवमेंट II' भी कहा जाता है। इस आंदोलन में रक्तपात भी हुआ था। सरकार द्वारा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई में दर्जनों लोग मारे गए। कई हफ्तों के हिंसक विरोध प्रदर्शन और बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बाद ज्ञानेंद्र ने हार मान ली और भंग संसद को बहाल कर दिया। राजशाही खत्म होने के 18 साल के भीतर ही दक्षिणपंथी फिर से सड़क पर उतरकर इसकी बहाली की मांग कर रहे हैं।

### अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा ड्रैगन

# हिंद महासागर में तैनात किए तीन जासूसी जहाज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

आसियान देशों के खिलाफ दक्षिण चीन सागर में समुद्री दबाव डालने के बाद अब चीन ने कम से कम तीन चीनी सर्वेक्षण और निगरानी पोत को हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में तैनात कर दिया हैं। रिपोर्ट के अनुसार चीन के ये स्पाई जहाज खास मकसद से तैनात किए हैं। दरअसल चीन साल 2025 तक हिंद महासागर में वाहक टास्क फोर्स की गश्त शुरू करना चाहता है। चीन के इस कदम को उसी से जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार चीन अब तक तीन जहाजों की तैनाती कर चुकी है। इसमें चीन ने पहले जहाज जियांग यांग होंग 01 को अंतरराष्ट्रीय सीमा में बंगाल की खाड़ी से 500 मील दूर पश्चिम में तैनात किया है। चीन के इस स्पाई जहाज ने 7-8 मार्च को बंगाल की खाड़ी में प्रवेश किया था, उसके बाद से वो इसी जगह पर तैनात है। अगर इस जहाज के काम की बात करें तो इसका काम 12 किमी पानी के नीचे चलने वाली पनडुब्बियों का परीक्षण करना है। चीन ने इस जहाज की मदद से समुद्री तल की मैपिंग करना चाहता है। चीन का दूसरा स्पाई जहाज जियांग यांग होंग 03 मालदीव में तैनात है। जो वहां से 350 मील दूर तक समुद्री अवलोकन और हाइड्रोग्राफिक सर्वे कर रहा है। इस जहाज ने तीन महीने पहले हिंद महासागर में प्रवेश किया था। चीन के इस जहाज पर भी भारतीय नेवी की नजर है। चीन ने अपने तीसरे स्पाई जहाज दा यांग हाओ को मॉरीशस में पोर्ट लुइस से 1200 मील दक्षिण में तैनात किया है। 45वीं पीएलए एंटी-पाइरेसी एस्कॉर्ट फोर्स राजधानी के दक्षिण पश्चिम में 550 मील की दूरी पर काम कर रहा है। इसके साथ ही पीएलए की 46 थान्टी-पाइरेसी टास्क फोर्स अदन की खाड़ी में काम कर रही है, लेकिन अभी तक चीन की तरफ से किसी भी समुद्री लुटेरों को रोकने की खबर नहीं आई है। ऐसे में भारत चीन के इस जहाज पर भी नजर बनाए रखा हुआ है।



### भारत ने भी बढ़ाई हिंद महासागर में तैनाती

भारतीय नौसेना भी हिंदी महासागर में तैनाती बढ़ा दी है। नौसेना ने हिंद महासागर में 11 पनडुब्बियां और 35 युद्धपोत को तैनात किया है। इसके साथ ही अरब सागर में भी भारतीय नौसेना की एक्टिविटी भी बढ़ गई है और कई समुद्री लुटेरों से जहाजों को बचाया है। वहीं हिंद महासागर में चीन गतिविधि बढ़ने पर अमेरिकी थिंक टैंक ने भी चिंता जाहिर की थी।

### इजराइल ने सीरिया में आतंकी ठिकानों पर किया अटैक

# हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बमबारी

**एजेंसी** | यरुशलम

इजराइल ने एक बार फिर हिजबुल्लाह को निशाना बनाया है। इजराइल की सेना की तरफ से बुधवार तड़के कहा कि उसने लेबनानी समूह हिजबुल्लाह की "कब्जे" को विफल करने के लिए सीरिया में उसके ठिकानों पर बमबारी की है। गाजा में हमास के आतंकवादियों से लड़ते हुए इजराइल कई बार कह चुका है कि वह हिजबुल्लाह का सामना करने के लिए भी तैयार है। हाल के दिनों में हिजबुल्लाह को निशाना बनाते हुए इजराइल ने हमले भी किए हैं। इजराइल सेना ने एक बयान में कहा कि सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर सैन्य बुनियादी ढांचे पर हमला किया, जिसका इस्तेमाल सीरियाई मोर्चे पर हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन द्वारा किया गया था। इजराइल सेना ने कहा कि इजराइल सीरियाई शासन को उसके क्षेत्र के भीतर होने वाली सभी गतिविधियों के लिए जिम्मेदार मानता है। सेना ऐसी किसी भी कार्रवाई की अनुमति नहीं देगी जिससे सीरियाई मोर्चे पर हिजबुल्लाह की पकड़ मजबूत हो सके।







### एलन मस्क ने दुर्लभ वीडियो किया शेयर

# सूर्यग्रहण से धरती पर लगा दाग!

**एजेंसी** | वाशिंगटन

आठ अप्रैल को अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में रहने वाले करोड़ों लोग पूर्ण सूर्य ग्रहण के दुर्लभ नजारे के गवाह बने। सूर्य ग्रहण की छाया (पाथ ऑफ टोटलिटी) अमेरिका के टेक्सास, ओकलाहमा, मिसौरी, केंटुकी, इलिनॉयस, इंडियाना और न्यू हैंपशायर समेत 15 राज्यों से होकर गुजरी। आसमान में जैसे ही चंद्रमा ने सूरज को ढंका। इस दौरान दिन के दौरान अंधेरा छा गया। इस दरम्यान लोगों ने सीधी आंखों से सूर्य का कोरोना देखा तो उनके आश्चर्य की सीमा न रही। अमेरिकी शहर इंडियानापोलिस के लिए 800 सालों में ये पहली बार था, जब पूरे शहर ने पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा।



### नजर आए काले धब्बे

स्पेसएक्स के सीईओ और अरबपति एलन मस्क ने सूर्य ग्रहण एक वीडियो शेयर किया है कि अंतरिक्ष से सूर्य ग्रहण किस तरह दिखता है। एलन मस्क ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें सूर्य ग्रहण पर पृथ्वी की सतह पर एक गहरे काले धब्बे की तरह दिख रहा है। ये दृश्य उससे बहुत अलग है, जैसा हम धरती पर रहते हुए सूर्य ग्रहण को देखते हैं।

### करोड़ों लोगों ने देखा ग्रहण

सूर्य ग्रहण के दौरान इसकी छाया पृथ्वी के जिस हिस्से से होकर गुजरती है उसे पाथ ऑफ टोटलिटी कहते हैं। सोमवार को यह 180 किलोमीटर से ज्यादा चौड़ी पट्टी के रूप में मेक्सिको, अमेरिका और कनाडा से गुजरी। इस दौरान इस क्षेत्र में रहने वाले 3.16 करोड़ लोगों और पाथ ऑफ टोटलिटी के 322 किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले 15 करोड़ लोगों ने इस घटना को देखा। वहीं, दुनिया भर से करोड़ों लोगों ने इस घटना का आनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए दीदार किया।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl